सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 03 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 62, पेज 12, 2.00 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## भारत में खत्म हुई अत्यधिक गरीबी

अमेरिकी थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला व करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। } 11

## एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का होगा निर्माण

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेंगे और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। } 12

### संक्षेप

## अमेरिका में भारतीय नर्तक की हत्या

न्यूयॉर्क/सूरी। अमेरिका में भारतीयों व भारतीय-अमेरिकी पर हुए एक और हमले में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र एवं 34 वर्षीय शास्त्रीय नर्तक की मिसौरी के सेंट लुइस में गोली मारकर हत्या कर दी गई। भरतनाट्यम नर्तक अमरनाथ घोष को सेंट लुइस एकेडमी और सेंट्रल वेस्ट इंड इलाके की सीमा के निकट कई गोलियां मारी गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वह पिछले साल पश्चिम बंगाल से अमेरिका आए थे। शुक्रवार की खबर के अनुसार, सेंट लुइस मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, डेलमर बौलेवार्ड और क्लेरेंडन एवेन्यू में मंगलवार शाम सात बजकर 15 मिनट पर यह गोलीबारी हुई।

## इटावा में सिपाही की हत्या, दो गिरफ्तार

इटावा। इटावा में एक सिपाही की कथित तौर पर फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सिपाही मथुरा में तैनात था और शुक्रवार को अपने गांव लौटा था। वहीं हत्या के संबंध में मृतक के ताऊ समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि सैफई थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौवेपुरा ग्राम में रहने वाले आरोपी दर्शन सिंह ने अपने एक साथी के साथ मिलकर कथित रूप से फावड़े और चाकू से अपने ही भतीजे अनिल कुमार की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि 36 वर्षीय अनिल कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था और ड्यूटी से छुट्टी लेकर शुक्रवार को अपने गांव आया हुआ था। सिपाही की हत्या घरेलू विवाद के कारण हुई। सैफई थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया कि आरोपी दर्शन सिंह सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त फावड़ा और चाकू बरामद कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## केंद्रीय अपराध शाखा करेगी बंगलुरु विस्फोट की जांच

बेंगलुरु। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने शनिवार को कहा कि शहर के रेस्तरां रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच केंद्रीय अपराध शाखा को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शहर के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं। दयानंद ने एक्स पर कहा मामले की जांच केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) को सौंप दी गई है। घायलों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे पहले दिन में, पुलिस सूत्रों ने कहा कि घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## गूगल ने प्ले स्टोर से हटाये कई भारतीय ऐप

एजेंसी

नयी दिल्ली। गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय ऐप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

❍ केन्द्र सरकार ने जताया कड़ा विरोध

सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है। आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय मैट्रिमोनी ऐप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है, हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए ऐप के डेवलपर से मुलाकात ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज्य : योगी

### सीएम ने 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य ...शेष पृष्ठ 10 पर



गोरखपुर एम्स का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### योगी ने गोरखपुर को दिये एक हजार करोड़

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक हजार करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। योगी ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जो कहा वो किया और जो कहेंगे उसे करके दिखाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने जाति-आधारित राजनीति करने और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ से प्रत्याशी

## अमित शाह गांधीनगर से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, भाजपा ने जारी की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊसे चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के भी नाम शामिल हैं। बिरला एक बार फिर कोटा से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है उनमें परषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया



(पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा),

❍ शिवराज सिंह विदिशा, हेमा मालिनी मथुरा, ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना, और स्मृति ईरानी अमेठी से लड़ेंगे चुनाव

अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा टेनी (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप



वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है।

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव त्रिपुरा पश्चिम से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने नयी दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी



बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की

❍ साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, मीनाक्षी लेखी, पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन, प्रवेश वर्मा और रमेश बिधूड़ी को नहीं मिला टिकट

जगह कमलजीत सेहरावत को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे को छत्तीसगढ़ की कोरबा सीट से टिकट दिया है, जबकि राज्य



सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। मथुरा से एक बार फिर पार्टी ने हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है।

पार्टी ने झारखंड की गोड्डा सीट से निशिकांत दुबे, दुमका से सुनील सोरेन, रांची से संजय सेठ और जमशेदपुर से विद्युत बरण महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुई कांग्रेस नेता गीता कोड़ा को सिंहभूम से टिकट दिया है। वह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। केरल की त्रिसूर सीट से फिल्म अभिनेता सुरेश गोपी को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को पत्तनमतिट्टा से टिकट दिया गया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भाजपा ने यूपी में 51 सीटों पर पूर्व सांसद व पिछले उम्मीदवारों को उतारा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 51 सीटों पर ज्यादातर अपने सांसदों व पिछले उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

शनिवार को जारी पहली सूची में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम है, जो तीसरी बार वाराणसी सीट से चुनाव मैदान में हैं। वहीं लखनऊसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमेठी से महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, चंदौली से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, लखीमपुर-खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी , महराजगंज से वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मोहनलालगंज से राज्य मंत्री कौशल किशोर को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। इनके अलावा मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, फैजाबाद (अयोध्या) से लल्लू सिंह को टिकट दिया गया है। सुलतानपुर और पीलीभीत से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गयी है, जहां से क्रमशः पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी व उनके पुत्र वरुण गांधी विजयी हुए थे। भाजपा के 51 उम्मीदवारों की पहली सूची में पांच सीटों पर महिला उम्मीदवारों को मौका मिला है, जिसमें हेमा मालिनी (मथुरा), केंद्रीय मंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## समीक्षा और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा निरस्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी 6 माह में पुनः कराई जाए।

❍ परीक्षा की शुचिता के लिए सीएम का बड़ा निर्णय,

❍ 6 माह में दोबारा होगी प्रारंभिक परीक्षा

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दंडात्मक कार्यवाही करने के लिए यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए। एसटीएफ शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएम मोदी ने बिहार को दी 21,400 करोड़ की सौगात

एजेंसी

औरंगाबाद (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के



बिहार में परियोजनाओं के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

महागठबंधन को छोड़ने के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बाद मोदी का यह पहला बिहार दौरा है। इससे पहले बिहार के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री कुमार ने प्रधानमंत्री से कहा कि वह हमेशा राजग में रहेंगे। प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद में जिन परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया उनमें सड़क, रेलवे और नमामि गंगे सहित अन्य क्षेत्र शामिल थे। अमस-दरभंगा फोर लेन कॉरिडोर, दानापुर-बिहटा फोर लेन एलिवेटेड रोड और पटना रिंग रोड के शेरपुर-दिघवारा चरण के शिलान्यास का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान सरकार समय पर परियोजनाओं को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित करती है। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास परियोजनाओं के लिए बिहार के लोगों को बधाई दी। उन्होंने रेखांकित किया कि बिहार के लोग, ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ भाजपा एमएलसी उम्मीदवारों के नामों पर मंथन (पृष्ठ-02)
❍ राजा भइया, अक्षय प्रताप सिंह को हाईकोर्ट से राहत (पृष्ठ-02)
❍ विशेष कारोबारी सत्र में संसेक्स नये रिकॉर्ड स्तर पर (पृष्ठ-11)
❍ आवेश की आक्रामकता से विदर्भ पस्त (पृष्ठ-11)
❍ खाते बंद होने से बायजू वेतन देने में असमर्थ (पृष्ठ-11)

**विशेष खबर** यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों से भारत निर्वाचन आयोग संतुष्ट

## गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण घटना के लिए डीएम व एसपी होंगे जिम्मेदार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा। इसके लिए आधुनिक तकनीकी का सबसे ज्यादा उपयोग किया जायेगा। अगर किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कोई गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण घटना पाई जाती है तो इसके जिम्मेदार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों से निर्वाचन आयोग संतुष्ट है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को पत्रकारों से अपने तीन दिवसीय दौरे के बारे में भी जानकारी




दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की टीम ने दौरे के पहले दिन राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की तरफ से आयोग की टीम को कुछ सुझाव एवं आग्रह प्राप्त हुए थे, जिन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक-एक करके अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों की मांग पर इस बार पोस्टल बैलेट की गिनती पहले करायी जायेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदान के बाद सभी ईवीएम मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम तक सरकारी वाहन में भेजे जाएंगे। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को तथा दिव्यांगजनों को घर से वोट डालने की सुविधा मिलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान पहले प्रत्याशियों को 50-50 चेक की चार चेकबुक बैंक से बारी-बारी से प्राप्त होती थी। इससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था क्योंकि चुनाव के दौरान छोटे-छोटे खर्चे भी प्रत्याशियों को चेक के माध्यम से करने पड़ते थे। इस बार प्रत्याशी 200 चेक की चेकबुक बैंक से प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में बैंकों को निर्देशित किया जा चुका है। हाईराइज बिल्डिंग में रहने वाले मतदाताओं को सुलभ मतदान की सुविधा देने के लिए इनके नजदीक मतदेय स्थल बनाये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी आपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत ने जब्त की पाक की परमाणु मिसाइल बनाने वाली सामग्री

एजेंसी

मुंबई। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे एक जहाज को इस संदेह में मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोक दिया कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप थी जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। शनिवार को यहां अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर 23 जनवरी को कराची जा रहे माल्टा का ध्वज लगे व्यापारिक जहाज सीएमए सीजीएम अत्तिला को बंदरगाह पर रोका और निरीक्षण के दौरान पता चला कि खेप में इटली में निर्मित एक कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन थी, यह मशीन कंप्यूटर से चलती है और सटीकता व दक्षता के लिए जानी जाती है। अधिकारियों ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक टीम ने खेप की जांच की और पाकिस्तान की परमाणु परियोजना विशेष रूप से मिसाइल बनाने के लिए महत्वपूर्ण घटकों के निर्माण में इसके संभावित उपयोग की पुष्टि की। सीएनसी मशीनें वासेनार समझौते के तहत आती हैं। वासेनार एक अंतरराष्ट्रीय हथियार नियंत्रण व्यवस्था है जिसका उद्देश्य नागरिक व सैन्य दोनों उपयोगों वाले उपकरणों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

## यूपी में पांच करोड़ लोगों के बने आयुष्मान कार्ड

**लखनऊ।** यूपी में आयुष्मान कार्ड बनाने की रफ्तार और तेज हो गई है। अब तक पांच करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ और अफसरों को बधाई दी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीब मरीज पांच लाख रुपये तक का इलाज मनपसंद पंजीकृत अस्पताल में हासिल कर सकते हैं। इसमें सरकारी व प्राइवेट दोनों ही प्रकार के अस्पताल शामिल हैं। सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाये। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन से योजना को रफ्तार देने में लगे हैं। इसमें आशा, एएनएम, पंचायत सहायक व अन्य श्रेणी के अधिकारी-कर्मचारी योगदान दे रहे हैं। बीते करीब एक साल में प्रदेश के 2.80 करोड़ से भी अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। पांच हजार से अधिक अस्पतालों में योजना लागू है। इसमें भर्ती कर मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी प्रकार की जटिल बीमारियां योजना से कवर हैं।

## धान खरीद में लखनऊ शीर्ष व बरेली मंडल दूसरे पर

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने आठ लाख एक हजार से अधिक धान किसानों को 11745 करोड़ का भुगतान किया। धान खरीद 2023-24 के अंतर्गत प्रदेश में 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। सरकार ने कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली में छह लाख 49 हजार मीट्रिक टन तो वाराणसी में छह लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। वहीं लखनऊ व रामनगरी अयोध्या मंडल के एक लाख से अधिक किसानों से धान की खरीद की गई। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां कुल 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 6.49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। वाराणसी मंडल में 6.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हुई। गोरखपुर मंडल में 5 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान खरीद हुई। अयोध्या मंडल में 5.78 लाख मीट्रिक टन, मुरादाबाद मंडल में 4.61 लाख मीट्रिक टन, प्रयागराज मंडल में 4.53 लाख मीट्रिक टन, देवीपाटन मंडल में 3.38 लाख मीट्रिक टन, बस्ती मंडल में 2.89 लाख मीट्रिक टन, मीरजापुर मंडल में 2.68 लाख मीट्रिक टन, आजमगढ़ मंडल में 2.12 लाख मीट्रिक टन, कानपुर मंडल में 1.81 लाख मीट्रिक टन, चित्रकूट धाम मंडल में 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई।

# कोई नहीं तोड़ सकता 'लखनऊ संसदीय क्षेत्र' का तिलिस्म

संजय धीमान (vol)

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ संसदीय सीट देश की 'हॉट सीट' के बारे में जानी जाती है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से वर्तमान में सांसद हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने फिर से राजनाथ सिंह पर भरोसा जताया है। भाजपा का गढ़ बन चुके लखनऊ संसदीय क्षेत्र का तिलिस्म कोई नहीं तोड़ सकता। पिछले लोकसभा के हुए चुनाव में राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 3,47,302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे।

यूपी की राजधानी लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है। गोमती नदी के किनारे पर बसा लखनऊ शहर अपनी तहजीब और नजाकत के लिए मशहूर है। यहां के दशहरी आम पूरे देश भर में फेमस हैं। साल 2019 में लखनऊ संसदीय क्षेत्र में कुल 2040367 मतदाता थे। इनमें से पुरुष 1096455 और 943815 महिला मतदाता थे। लखनऊ संसदीय क्षेत्र भाजपा का गढ़ रहा है। यहां पर सबसे ज्यादा बार भाजपा ने चुनाव जीता है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। यहीं

**विश्लेषण**

- भाजपा ने फिर राजनाथ सिंह पर खेला दांव, प्रत्येक चुनावों में जीत का बढ़ता गया प्रतिशत

हाल 2014 का था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के राजनाथ सिंह चुनाव जीतने में सफल हुए थे। उन्हें कुल 5,61,106 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी थीं। वह इस समय भाजपा में हैं। रीता को राजनाथ सिंह ने 272749 मतों से पराजित किया था। राजनाथ सिंह को करीब 53 प्रतिशत वोट मिले थे। लखनऊ संसदीय सीट से पूर्व




प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई आठ बार चुनाव लड़ चुके हैं। लखनऊ जिले में 9 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से सात पर भाजपा और दो पर सपा का कब्जा है। जिले में दो लोकसभा सीटें हैं। लखनऊ और मोहनलाल गंज संसदीय क्षेत्र। दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लखनऊ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश राज्य के 80 लोकसभा (संसदीय) निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह दो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है जो राज्य के सबसे बड़े और राजधानी शहर लखनऊ में स्थित है। 1991 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। इसके सबसे प्रसिद्ध सांसद पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। पहली बार उन्होंने 1955 में उपचुनाव लड़ा और तीसरे स्थान पर रहे। फिर वह 1957 और 1962 में दूसरे स्थान पर रहे। इन 3 हार के बाद, उन्होंने 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार पांच बार सीट जीती।

2009 में जब देश में लोकसभा चुनाव होने थे, उस वक्त भाजपा इस बात को लेकर असमंजस में थी कि आखिर अटल की विरासत को कौन संभालेगा। इस मुश्किल वक्त में भाजपा ने अटल बिहारी के खास रहे लाल जी टंडन पर भरोसा जताया, जो उस वक्त बिहार के राज्यपाल थे 2009 में लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन ने उस वक्त कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब 41 हजार वोटों से हराया। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव लाते हुए लाल जी टंडन को प्रत्याशी न बनाकर तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह पर दांव खेला, हालांकि भाजपा के इस निर्णय से लालजी टंडन नाराजगी भी जाहिर हुई परन्तु भाजपा ने उन्हें मना लिया। राजनाथ सिंह की फिर जीत हुई और इस बार जीत का अंतर भी पिछली बार बार से पांच गुना ज्यादा रहा। लखनऊ लोकसभा के अंतर्गत अगर वोटरों की बात करें तो यहां कुल मतदाताओं की संख्या करीब 36 लाख से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक लखनऊ जिले की आबादी 45.89 लाख है। जिनमें पुरुषों की आबादी 23.94 लाख और महिलाओं की आबादी 21.95 लाख है। 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ की कुल आबादी की 71.1 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की है। इसके बाद 26.36 प्रतिशत मुस्लिम है। अनुसूचित जाति की करीब 14.3 प्रतिशत आबादी है तो अनुसूचित जनजाति के 0.2 प्रतिशत मतदाता है। इसी तरह से ब्राहमण, राजपूत वोटर भी मिलकर करीब 18 प्रतिशत है। ओबीसी 28 तो मुस्लिम करीब 18 फीसदी हैं।

# बच्चों के टीकाकरण में यूपी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## राज्य में औसत 96.45 प्रतिशत लगे टीके, योगी ने की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए लगाए जाने वाले टीकाकरण में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही असर है कि प्रदेश में अप्रैल से दिसंबर-23 तक पूर्ण प्रतिरक्षण कवरेज का राज्य औसत 96.45 प्रतिशत रहा, जबकि इसमें जनवरी और फरवरी का आंकड़ा शामिल नहीं है। वहीं प्रदेश के कुछ जिलों ने टीकाकरण की विभिन्न डोज लगाने में शत-प्रतिशत का लक्ष्य हासिल किया है। ऐसे जिलों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहना करते हुए शेष जिलों को लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में बच्चों को विभिन्न टीके की डोज लगाने के लिए अभियान चलाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम को और तेज करने के निर्देश दिये थे। साथ ही विभिन्न टीकाकरण की डोज को शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा था। इसी क्रम में प्रदेश का अप्रैल से दिसंबर-23 तक पूर्ण प्रतिरक्षण कवरेज का राज्य औसत 96.45 प्रतिशत है। वहीं हेपेटाइटिस बी बर्थ डोज का राज्य औसत 71.21 प्रतिशत, एमआर का राज्य औसत 93.87 प्रतिशत और टीडी-10 का राज्य औसत 99.69 है। यह डाटा विभाग के एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज है। बता दें कि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 42,93,472 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके सापेक्ष दिसंबर तक 41,41,003 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। इनमें प्रदेश के 20 जिलों ने शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया है, जिसमें से टॉप फाइव जिलों में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, मऊ और सहारनपुर शामिल हैं। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष धीमी गति से टीकाकरण करने वाले पांच खराब जिलों की सूची प्रस्तुत की गई थी। इसमें ललितपुर, सिद्धार्थनगर, भदोही, जालौन और सोनभद्र शामिल हैं। इनका टीकाकरण प्रतिशत 69.51 से लेकर 81.14 प्रतिशत रहा। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फटकार लगाते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम के निर्देश के बाद इन जिलों में टीकाकरण अभियान को तेज कर दिया गया है। साथ ही छूटे ड्राप आउट बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।



- प्रदेश के कुछ जिलों ने लक्ष्य से अधिक किया टीकाकरण
- सीएम ने लक्ष्य से कम टीकाकरण करने वाले जिलों को फटकारा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक प्रदेश में कुल 29,44,433 बच्चों ने जन्म लिया। इनमें से राजकीय प्रसव केंद्रों पर 27,85,207 शिशुओं ने जन्म लिया, जिनमें से 19,83,224 शिशुओं को हेपेटाइटिस बी बर्थ की डोज दी गई, जबकि शेष किन्हीं कारणों से छूट गये। इस पर संबंधित से जवाब.तलब किया गया है। इसके अलावा 25,06,214 बच्चों को ओपीवी.ओ की डोज दी गई। इसके साथ ही 42,42,855 बच्चों को बीसीजी की डोज दी गई।

# भाजपा ने एमएलसी की नौ सीटों के लिए 36 नामों का पैनल भेजा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुआ मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने विधान परिषद की नौ सीटों के लिए करीब 36 नामों के पैनल को हरी झंडी दे दी। यूपी के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा बैठक के बाद सूची लेकर दिल्ली रवाना हो गए। इससे पूर्व शनिवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कोर कमेटी की बैठक हुई। खबर है कि जिन मौजूदा विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें से अधिकांश के नाम भी पैनल में शामिल किए गए हैं। विधान परिषद की 13 सीटें पांच मई को रिक्त होने जा रही है। इसमें 10 सीटें भाजपा और एक उसके सहयोगी अपना दल (एस) के पास थीं। जबकि एक-एक सीट सपा और बसपा के पास है। संख्या बल के हिसाब से इस बार भाजपा और उसके सहयोगी दल के हिस्से 10 सीटें आएंगी।

एक सीट से अपना दल (एस) से आशीष पटेल का परिषद जाना तय है। बाकी नौ सीटों पर संभावित दावेदारों की सूची पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मंथन हुआ। पार्टी एमएलसी प्रत्याशियों के जरिए भी सामाजिक




समीकरण साधने का प्रयास करेगी। यही कारण है कि जातीय समीकरण के लिहाज से ही नामों का पैनल भेजा गया है। अधिकांश मौजूदा विधान परिषद सदस्यों के साथ ही कुछ प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित कुछ अन्य नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं। इसमें तीन महिला प्रदेश पदाधिकारियों के नाम भी हैं। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी के चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डा. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत के नाम शामिल हैं। जबकि अपना दल (एस) से आशीष पटेल का कार्यकाल खत्म हो रहा है। वहीं दूसरी ओर सपा के प्रदेश उत्तम नरेश चंद्र उत्तम और बसपा के इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर का कार्यकाल भी 5 मई को खत्म हो जाएगा।

- अपना दल से आशीष पटेल का जाना तय, अधिकांश मौजूदा एमएलसी के नाम भी शामिल

## रालोद में कई दलों के नेताओं ने ली सदस्यता




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के प्रयासों से शालिनी सिंह के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों कांग्रेस, सपा, बसपा और विभिन्न सामाजिक संगठनों की हजारों महिलाओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों से प्रेरित होकर तथा रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा मनीषा अहलावत की उपस्थिति में रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव रामगोपाल चंदेल, राष्ट्रीय सचिव कार्यालय प्रभारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# राजा भइया, अक्षय प्रताप सिंह को हाईकोर्ट से राहत

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थाने पर वर्ष 2010 में बसपा शासनकाल में दर्ज कराये गये एक मुकदमें के क्रम में विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह व करीब दो दर्जन अन्य के खिलाफ चल रही अभियोजन कार्यवाही को रद करने के सपा शासन काल के निर्णय को नामंजूर करने वाले एमपी/एमएलए की विशेष अदालत के एक फैसले को खारिज कर दिया है और मामला फिर विशेष अदालत को वापस भेज दिया है।

कोर्ट ने एम पी/ एमएलए की विशेष अदालत को आदेश दिया है कि वह सरकार द्वारा अभियोजन की कार्यवाही वापस लेने के निर्णय पर फिर से विचार करके आदेश पारित करे। यह आदेश जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने रघुराज प्रताप सिंह सहित करीब दो दर्जन अभियुक्तों की ओर से दाखिल याचिका को मंजूर करते पारित किया। कोर्ट ने कहा कि नया आदेश पारित करते समय विशेष अदालत इस बात का ध्यान रखे कि मुकदमें में कोई ठोस सबूत नहीं है अतः मुकदमें की कार्यवाही चालू रखने से कानून की प्रकिया का दुरुपयोग ही होगा और यहां तक कि वादी ने भी सरकार द्वारा मुकदमें को वापस लेने के निर्णय से सहमति जतायी है। उल्लेखनीय हो कि ब्लाक प्रमुख के चुनावों के दौरान बसपा नेता मनोज शुक्ल ने 19 दिसम्बर 2010 को इस मामले में अपहरण और थाने पर फायरिंग की संगीन धाराओं में प्राथमिकी लिखायी थी। विवेचना के बाद राजा भैया, अक्षय प्रताप और अन्य के खिलाफ पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र प्रेषित किये थे।



सपा शासन काल में सरकार ने इस केस को सीआरपीसी की धारा 321 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उक्त केस को वापस लेने का निर्णय लिया। इसके बाद लोक अभियोजक ने 4 मार्च 2014 को संबधित अदालत में अभियोजन वापसी के लिए अर्जी पेश कर कहा कि सरकार इस केस को नहीं चलाना चाहती अतः इसे खारिज कर दिया जाये। एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने सरकार की इस अर्जी को 17 मार्च 2017 को खारिज कर दिया था। इस आदेश को राजा भैया आदि ने सीआरपीसी की धारा 482 के तहत हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस अर्जी को मंजूर करते हुए विशेष अदालत को फिर से मामले में नया आदेश पारित करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में तथ्यों व परिस्थितियों पर गौर करने से स्पष्ट है कि इस केस के चलने से कानून की प्रकिया का दुरुपयोग ही होगा क्योंकि पत्रावली पर अभियुक्तों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और यहां तक कि वादी ने भी मुकदमा वापसी का समर्थन किया है और कहा कि राजनीतिक वजहों से उक्त केस लिखाया गया था।

# भाजपा जैसा दाना, वैसा गाना का माहौल बना रही : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने कुप्रचार से लोगों के सोच विचार को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जैसा दाना, वैसा गाना का माहौल बन रही है। तमाम संस्थानों और माध्यमों पर आरएसएस के लोगों को बिठाया जा रहा है। अर्थव्यवस्था की हकीकत पर पर्दा डाला जा रहा है और झूठे आंकड़ों के बल पर विकसित भारत का भ्रम फैलाया जा रहा है।

सच तो यह है कि जबसे भाजपा सत्ता में आयी हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ही फलफूल रहा है।



किसानों के साथ वादों को क्या हुआ? नौजवानों को रोटी-रोजगार से वंचित करने के लिए पेपर लीक का खतरनाक खेल जारी रहता है। उन्होंने कहा कि किसी को भी भाजपा सरकार के रहते न्याय मिलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। भाजपा गरीब का वोट लेती है पर उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है। थार गाड़ी से किसानों को कुचला गया, उन्हें न्याय नहीं मिला। महिलाओं और बच्चियां असुरक्षित हैं।

## एकेटीयू के सभी संस्थानों में एनईपी कोऑर्डिनेटर होंगे नामित

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने अपने सभी संस्थानों को पत्र कर जारी कर एक एनईपी कोऑर्डिनेटर नामित करने का निर्देश दिया है। तीन दिनों के भीतर सभी संस्थानों को अपने एक फैकल्टी को एनईपी कॉऑर्डिनेटर नामित कर सूचना यूजीसी और विश्वविद्यालय को देनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए एनईपी कोऑर्डिनेटर सहयोग करेंगे। ताकि प्राविधिक शिक्षा में विद्यार्थियों को रोजगारपरक पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। सरकार की ओर से लगातार एनईपी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय भी इस मुहिम को आगे बढ़ाने में लगातार प्रयास में जुटा हुआ है। विश्वविद्यालय की ओर से इसी कारण एनईपी कॉऑर्डिनेटर नामित कर दिये गये हैं।

**उद्घाटन** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की नेशनल अर्बन कोऑर्पोरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की स्थापना

# करीब 20 साल के संघर्ष के बाद हो रही कॉर्पोरेशन की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में शहरी सहकारी बैंकों के अम्ब्रेला संगठन, नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा और सहकारिता मंत्रालय के सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ाने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद आज नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की स्थापना हो रही है और ये हम सबके लिए बहुत शुभ दिन है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के 75 वर्षों के बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को एक अंब्रेला, सहकारिता मंत्रालय के रूप में मिला है। उन्होंने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा और देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जनआंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैरामीटर सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की सहभागिता है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की जरूरत था और सेल्फ-रेगुलेशन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद जरूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारतीय रिजर्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम बीआर एक्ट के लिए छोटे से छोटे बैंक को तैयार करना होना चाहिए। हमें हर शहर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक खोलने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना चाहिए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव फाइनेंस में अच्छा काम करने वाली क्रेडिट सोसाइटी को बैंक में कन्वर्ट करने के लिए इस अंब्रेला संगठन को एक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेफकब का एक उद्देश्य क्रेडिट सोसाइटीज और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की सेवाओं और संख्या में विस्तार करना भी होना चाहिए। हमें एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाना चाहिए कि हर शहर में एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक कैसे बने। उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव मूवमेंट को जिंदा रखनेके लिए इसे प्रासंगिक भी बनाना होगा और उसका विस्तार भी करना होगा। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन से छोटे बैंकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी, बैंकों और रेगुलेटर के बीच संवाद का काम भी सुचारू संवाद का काम भी यह अंब्रेला ऑर्गेनाइजेशन करेगा। उन्होंने कहा कि इस संगठन को हमारी सीमाओं को व्यापक और सर्वस्पर्शीय बनाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि अगर हम कोऑपरेटिव का विस्तार करना चाहते हैं तो इसके लिए अंब्रेला संगठन को मजबूत करना अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का दायित्व है। अमित शाह ने कहा कि अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को देशभर में व्यापार करने के लिए जरूरी सुविधाओं के लिए क्लीयरिंग की भी एक व्यवस्था बनानी होगी। आज हमारे पास 1500 बैंकों की 11 हजार शाखाओं और 5 लाख करोड़ रूपये के डिपॉजिट और 3.50 लाख करोड़ के ऋण की कलेक्टिव स्ट्रैंथ है। ये बहुत बड़ी ताकत है और हमें न सिर्फ इसे बढ़ाने का लक्ष्य रखना है बल्कि इसे संयुक्त रूप से उपयोग कर पूरी अर्बन कोऑपरेटिव बैंकिंग व्यवस्था को ताकत देने का काम भी इस संगठन को करना है। शाह ने कहा कि देश के अर्बन कोऑपरेटिव बैंक अपनी नेट एनपीए दर को कम कर 2.10 प्रतिशत तक ले आए हैं और इसमें और सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन को आने वाले तीन सालों में कठोर परिश्रम कर इसकी नींव डालनी चाहिए।




- संस्था मात्र एक अंब्रेला संगठन नहीं बल्कि हमारी सारी समस्याओं के समाधान का गेटवे : अमित शाह

# जन आकांक्षाओं और सुझावों के अनुरूप होगा संकल्प पत्र : ब्रजेश पाठक

## जिला स्तर पर आज से 15 मार्च के बीच चलेगा संकल्प पत्र सुझाव अभियान, राजधानी के सभी विस क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर भी सुझाव पेटिका रखकर जनता से ली जायेगी राय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** संकल्प पत्र सुझाव अभियान के लखनऊ महानगर में शुभारंभ के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने पूरे देश में संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू किया है। अभियान के माध्यम से भाजपा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों से सुझाव एकत्रित किये जायेंगे। प्रदेश में यह 28 फरवरी में 15 मार्च तक चलेगा। जिले स्तर पर सभी गतिविधियां 03 मार्च 15 मार्च के बीच करवायी जानी है।

भाजपा प्रारंभ से ही मानती है कि आगामी सरकार की रूपरेखा तय करने के लिए हम जो भी संकल्प पत्र अपने चुनाव में जारी करेंगे वह जन आकांक्षाओं और उनके सुझावों के अनुरूप होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प अभियान को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता के समक्ष उनके सुझाव मांगने के लिए पेटिकाएं लेकर गली मोहल्लों में जनसंपर्क करेंगे। लखनऊ जोकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का क्षेत्र है। लखनऊ की सभी विधानसभाओं में प्रमुख स्थानों पर भी सुझाव पेटिका रखकर जनता के बीच सुझाव मांगने के लिए जाएंगे। जिसके लिए पार्टी संकल्प पत्र सुझाव अभियान लखनऊ महानगर में आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में जो संकल्प पत्र भाजपा जारी करेगी, उसके लिए अपने सुझाव दें आपके अनुसार कौन-कौन से ऐसे बिंदु हो सकते हैं जो संकल्प में समाहित किया जाए। विकसित भारत के संकल्प को बढ़ाने के लिए आपके सभी सुझावों का हम स्वागत करते हैं और जब आपके सुझावों के अनुसार संकल्प पत्र तैयार होगा तो उन सुझावों को संकल्प पत्र के अनुसार भाजपा लागू करने का कार्य करेगी।

उन्होंने सुझावों को जनता से लेने के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, लखनऊ लोकसभा के लोकप्रिय सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया। मोदी की जो परिकल्पना है उसके अनुसार जनता के सुझाव एकत्रित कर हम संकल्प पत्र तैयार करेंगे और जनता के सुझावों पर ही हमारी सरकार कार्य करेगी। देश दुनिया के पैमाने पर आज भारत आगे बढ़ा है।

**ब्रजेश ने की जनता से सुझाव देने की अपील :** लखनऊ लोकसभा की आम जनता और जनमानस से अपील करता हूं कि सुझाव पत्रिका के माध्यम से अपने सुझाव प्रस्तुत करें ताकि भाजपा संकल्प पत्र में शामिल कर सके। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में एलईडी प्रचार वाहन जायेंगे और छोटी-छोटी सभाएं भी आयोजित करके लोगों के सुझाव पेटिका के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे और मिस कॉल नंबर (9090902024) पर एवं नमो ऐप के माध्यम से भी भी सुझाव दर्ज करवाया जा सकता है।

प्रेस वार्ता के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने सुझाव पेटिका में सुझाव पत्र डालकर अभियान का शुभारंभ किया। प्रेस वार्ता में पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, रमेश तूफानी, विजय भुर्जी, अनुराग साहू भी उपस्थित रहे।

# राजनाथ सिंह के टिकट मिलने पर मना जश्न



● भाजपा महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा से रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को पुनः लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने की खुशी में लखनऊ महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई वितरण के साथ जश्न मनाया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष विवेक सिंह तोमर, घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह, हिमांशु सोनकर, अमित त्रिपाठी और अनुराग साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों, एनजीओ और व्यापारिक संगठनों ने राजनाथ सिंह जी को पुनः लखनऊ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया और सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बेमौसम बारिश से पारा गिरा, फसलों को नुकसान

● आज और कल होगी बारिश, ओले गिरेंगे

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** राजधानी में शुक्रवार से मौसम बदल गया है। बेमौसम बारिश से तापमान में गिरावट आई है। लखनऊ के अलावा यूपी के अलग-अलग जिले में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के चलने से किसान की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। तेज हवा के चलते गेहूं की बलियां खेतों में फैल गई है। खेत में भरे पानी से फसल सड़ने लगी हैं। यही हाल तिलहन की फसल का भी है। खेतों में आलू की खुदाई शुरू हो गई है। पानी भरने से आलू के खराब होने डर किसानों को सताने लगा है।

चार दिन से जहां तापमान बढ़ने से गर्मी का अहसास होने लगा था वहीं शुक्रवार से अचानक से बदले मौसम के मिजाज ने एक बार ठंड लौटा दी है। दो दिन पहले दिन का तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया था वहीं शनिवार को सुबह से लगातार बारिश और तेज हवा से तापमान गिरा है। सुबह और शाम को नरमी बढ़ गई है। वही वारिश होने से जाती हुई सर्दी में भी मौसम सर्द हो गया है। राजधानी में मौसम विभाग का अनुमान सही निकला। बीती रात से रिमझिम बारिश हुई। शनिवार को थोड़ी देर के लिए धूप निकली थी। इसके बाद फिर तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार और सोमवार को भी मौसम में बदलाव रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अतुल सिंह ने बताया कि अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश और मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में भी वाहन स्वामियों को लाइट जला कर निकालना पड़ा। ट्रैफिक से लेकर रेल तक पर बारिश का असर दिखा।

लखनऊ में शनिवार सुबह 7.30 बजे तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. इसके अलाव सुबह 5.30 प्रयागराज का तापमान 18.8 डिग्री, सुबह 6.30 बजे गोरखपुर का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट की माने तो प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी यूपी में लगभग सभी जगहों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार है। इस दौरान पश्चिमी यूपी में कही-कही बादल गरजने, बिजली चमकने और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से झोकेदार तेज हवा चलने की चेतावनी जारी हुई है। साथ ही कई जगह पर ओलावृष्टि भी होने की उम्मीद है।

वहीं, पूर्वी यूप के कई इलाकों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवा चल सकती है। बारिश के कारण किसानों की सब्जी को नुकसान होने की संभावना है। किसानों की मुश्किलों को भी बढ़ा दिया है। सुबह से ही बारिश होने से खेतो में पानी भर गया है। सरसो की फसल तैयार खड़ी हुई है। बारिश से नुकसान होने की संभावना है। बेमौसम बारिश होने से किसानो के चेहरे मायूस हो गए है।

**इन जिलों में ओलावृष्टि होने की संभावना :** मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा और उसके आसपास के इलाकों में दो मार्च को ओलावृष्टि होने की संभावना है। आज यानी दो मार्च को सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, मुरादाबाद समेत अन्य कई इलाकों में बारिश की संभावना है। इसके साथ ही अन्य जिलों के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है।

**इन जिलों में बिजली गिरने की संभावना :** बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर और गोंडा में गरज चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। ऐसे में हो सके तो बारिश के दौरान बाहर निकलने से बचें।

# कृष्णानगर में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने कृष्णानगर में एक अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की।



प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजय कुमारी व अन्य द्वारा कृष्णानगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत कानपुर रोड योजना के सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या-बी-27 पर लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक उपयोग हेतु दुकानें व हॉल आदि का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में आज सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ॠतुपाल द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

# केकेसी में ज्ञापन देने गये छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




● अभद्र व्यवहार को लेकर छात्रों ने कालेज से सड़क तक किया प्रदर्शन

● प्राचार्य ने अभद्र व्यवहार की बात को सिरे से किया खारिज

**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय (केकेसी) में प्राचार्य कार्यालय में छात्रों ने छात्रवृत्ति की समस्या को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन दिया था। छात्रों का आरोप है कि जो छात्र ज्ञापन देने कार्यालय पहुंचे, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। छात्रों को उठक बैठक करवायी गयी और थप्पड़ भी मारे गये। जिसके विरोध में शनिवार को छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और कालेज प्रशासन पर कई आरोप लगाये। फिलहाल इस पर प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने छात्रों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मनगढ़त बताया।

छात्रों ने बताया कि कालेज में बड़ी संख्या में छात्रों की छात्रवृत्ति के फार्म सम्बन्धित कार्यालय को भेजे नहीं गये। इसी विषय को लेकर प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र के ऑफिस में छात्र जब गए तो छात्रों ने अपना कैमरा और वीडियो को ऑन रखा, जिसको लेकर प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा ने बहुत विरोध किया। छात्रों का आरोप है कि उनको उठक बैठक करवाया। वहां की महिला प्रोफेसर ने छात्रों को झापड़ मारा। डॉ. अंशुमाली शर्मा ने भी बहुत विरोध किया। इस कारण शनिवार को छात्रों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने कालेज के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया।

केकेसी के छात्र नेता अभय सिंह से बात हुई। उन्होंने कहा कि छात्रों की स्कॉलरशिप फार्म कॉलेज की तरफ से आगे फॉरवर्ड नहीं किया गया है जिसको लेकर कॉलेज के छात्रों ने अपने प्राचार्य प्रो विनोद चंद्रा को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के समय छात्रों ने अपनी बात रखी। इसको लेकर प्राचार्य और मौजूद शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने बहुत विरोध किया। छात्रों के साथ-साथ अभद्र व्यवहार किया, उठक बैठक करवायी, मोबाइल फोन को जमा करवाया। आपत्तिजनक बातें कहीं कुछ छात्रों को थप्पड़ भी मारा। इस प्रकार के विरोध को लेकर छत्रों ने सड़क जाम किया। इसी कारण छात्रों ने प्राचार्य कार्यालय का घेराव किया, जब गुरुजनों ने छत्रों के साथ ऐसा व्यवहार किया पर माफी मांगी आगे से न करने को बोला तब छत्रों ने अपना धरना समाप्त किया। इस पर केकेसी के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र का कहना है कि छात्रवृत्ति की समस्या को लेकर छात्र आये थे, उनको सही स्थिति से अवगत कराया गया लेकिन कुछ छात्र बदतमीजी करने लगे और बिना इजाजत दो छात्र चोरी से रिकार्डिंग करने लगे जिस पर उनका फोन जमा किया गया और अगले दिन शनिवार को एक छात्र का फोन वापस भी कर दिया गया लेकिन दूसरा छात्र नहीं आया था। आईटी एक्ट के तहत बिना सहमति के किसी की भी फोटो या रिकार्डिंग नहीं की जा सकती। ऐसा करना गैरकानूनी है।

# ट्रांसजेंडर समुदाय को दी जानकारी

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्रों ने एनजीओ फरहान फाउंडेशन के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम में चल रहे एक प्रोजेक्ट के तहत शनिवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। प्रोजेक्ट मेंटर डॉ. दोआ नकवी ने बताया कि बातचीत का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के बारे में जानकारी प्राप्त करना और उन्हें देश के मुख्यधारा के विकास से जोड़ने के तरीकों की तलाश करना था। इस अवसर पर एमबीए के अंतिम वर्ष के छात्रों-फहद जमाल, अनस तालिब, तनु सिंह चौहान और रिया तिवारी ने परियोजना को चुनौतीपूर्ण बताया। विद्यार्थियों की यह टीम इन प्रासंगिक मुद्दों पर एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी।

# शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** लविवि के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो बीडी सिंह एवं विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार यादव के निर्देशन में शनिवार को ग्राम अस्ती (बीकेटी) में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।

# व्यक्तित्व विकास विशिष्ट विशेषताओं को विकसित करने की प्रक्रिया है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रिवर बैंक कालोनी स्थित इन्जीनियर्स भवन में व्यक्तित्व विकास विषय पर एक तकनीकी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. चारू रावत, प्रोफेसर एमिटी यूनिवर्सिटी, कॉर्पोरेट ट्रेनर, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं स्किल ट्रेनर थी। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व विकास समय के साथ किसी व्यक्ति की विशिष्ट विशेषताओं को विकसित करने की प्रक्रिया है। इसमें उनके विचार, व्यवहार और मूल्य शामिल हैं। व्यक्तित्व विकास कई कारकों से प्रभावित हो सकता है, जिनमें शामिल हैं आनुवंशिकी, पर्यावरण, पालन-पोषण, सामाजिकता। डॉ. रावत ने व्यक्तित्व विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का एक सुन्दर एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने एक शक्तिशाली व्यक्तित्व विकसित करने के लिए कुछ सुझाव भी बताये जैसे संचार कौशल का विकास करना। ज्ञान और कौशल का विकास करना, दयालु होना, शिष्टाचार और शिष्टाचार, शारीरिक भाषा और मुद्रा, सच्चा होना, दूसरों से तुलना न करना, फिटनेस, समय प्रबंधन, उद्देश्यपूर्ण जीवन जीना। इस अवसर पर पूर्व मुख्य अभियंता, रेणुसागर पावर प्रोजेक्ट एवं निदेशक, प्रो-लीड एम.एम.खान ने कहा कि हममें से हर कोई सिस्टम से जुड़ा हुआ है और हम में से हर कोई सिस्टम में योगदान भी दे रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम - कार्यात्मक रूप से योगदान दे रहे हैं या अकार्यात्मक रूप से? लाखों लोग गलत नौकरियों में फंसे हुए हैं जो कि अनुत्पादक हैं। व्यक्तित्व विकास एवं आत्म-जागरूकता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में इन्स्टीटयूशन ऑफ इन्जीनियर के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वी.बी.सिंह, संयोजक एन. के. निषाद, विभिन विभाग के अभियंता अधिकारी, निजी संस्थानों आदि के विभिन्न अभियन्ताओं की मौजूदगी रही।

# सुरों के साथ उस्ताद आमिर खान को दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पद्म भूषण उस्ताद आमिर खान की याद में दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, कला श्री और लखनऊ बायोस्कोप के सहयोग से कलामण्डपम प्रेक्षागृह में सजी संगीत की इस शाम को गायिका अश्विनी भिड़े देशपाण्डे ने अपने सुरों से सजाया। कार्यर्क्रम की शुरूआत भातखण्डे के छात्रों ने गायन से की।

उस्ताद आमिर खान की 50 वीं पुण्यतिथि पर हुए इस आयोजन में गायक पंडित अमित मुखर्जी ने कहा कि उस्ताद साहब ने राग की समझ बहुत सारे लोगों से ली। उसको समझ कर उन्होंने उसे अपना बनाया। जिसके बाद उन्होंने संगीत जगह में अपनी एक अलग पहचान बनायी। इसके बाद गायकी की शाम सजी। जिसमें डा. अश्विनी भिड़े देशपाण्डे ने राग खेम कल्यान, राग बसंत के साथ ही राग भैरवी में होरी की मोहक प्रस्तुति दी। मंच पर तबले पर पंडित विनोद लेले, हारमोनियम पर डा. विनय कुमार मिश्र ने साथ निभाया।

दूसरे दिन रविवार को सरोद वादन की प्रस्तुति पंडित पार्थो सारथी देंगे और पंडित अमित मुखर्जी गायकी की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सृष्टि धवन समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पहल | ढाई लाख मीट्रिक टन कूड़े पर होगा हॉर्टीकल्चर एवं सुंदरीकरण, सीजी सिटी में मियावॉकी प्लान्टेशन की प्रगति धीमी, संस्था डिबार, 5 लाख का जुर्माना

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में कूड़े के ढेर पर लगेंगे एक लाख पौधे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना में जिस स्थान पर शहर भर का ढाई लाख मीट्रिक टन कूड़ा ढ़ेर था। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वहां लगभग 14 एकड़ क्षेत्रफल में राष्ट प्रेरणा पार्क विकसित किया है। पार्क में 50 हजार छायादार व फलदार पेड़ लगाये गये हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण करके पार्क में आम, अमरूद, लीची, नींबू, अमलताश, महोगिनी के अलावा जामुन, महुआ, नीम, पीपल व पाकड़ सरीखे देसी प्रजाति के 50 हजार और पेड़ रोपित करने के निर्देश दिये। जिससे अब यह पार्क एक लाख हरे-भरे पेड़ों से गुलजार होगा।

उपाध्यक्ष ने कूड़ा डम्पिंग एरिया को व्यवस्थति करके आकर्षक ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने पर अधिकारियों व अभियंताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि हॉर्टीकल्चर वर्क को सुरक्षित रखने के लिए पूरे पार्क की फेन्सिंग करायी जाए तथा रोशनी के लिए निर्धारित स्थानों पर हाईमास्ट लाइटें लगवायी जाएं। इसके बाद उन्होंने सिविल वर्क का निरीक्षण किया, जिसमें राष्ट्र प्रेरणा स्थल के अंदर रोड नेटवर्क का कार्य लगभग पूर्ण पाया गया। वहीं, वाह्य क्षेत्र में कराये जा रहे इंटरलॉकिंग समेत अन्य अवशेष कार्यों को उपाध्यक्ष ने पूरी गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

**24 घंटे में टंकियों की सफाई करा जलापूर्ति कराएं :** उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जवाब तलब किया। अवगत कराया गया कि पानी की टंकी की सफाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते कुछ घरों में जलापूर्ति में समस्या आयी है। इस पर उपाध्यक्ष ने 24 घंटे के अंदर टंकियों की सफाई कराकर प्रत्येक घर में जलापूर्ति सुचारू कराने के निर्देश दिये। वहीं, ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के अंतर्गत गऊ घाट पर निर्मित किये जा रहे पुल का कार्य पूर्ण पाया गया। यहां निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने ब्रिज के नीचे के हिस्से में सौंदर्यीकरण के कार्य कराने के निर्देश दिये।

**रिक्त भूखण्डों की सफाई करा समतल कराने के निर्देश :** इस क्रम में उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सीजी सिटी योजना का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सर्वप्रथम सीएसआई टावर व संस्कृति स्कूल के सामने लगभग 2.15 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये गये पार्क का मुआयना किया। पार्क में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था न होने पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटों में डबल ब्रैकेट लगाकर पार्क की तरफ एलईडी लाइटें लगवायी जाएं। साथ ही सिंचाई की उचित व्यवस्था के लिए पूरे पार्क में पाइप लाइन बिछायी जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि सी0जी0 सिटी में प्राधिकरण के जो भूखण्ड रिक्त हैं, उनमें उगे जंगली पौधों व झाड़ियां आदि को साफ कराकर भूखण्डों को समतल कराया जाए।

**कार्य में शिथिलता पर 5 लाख का जुर्माना:** इसके बाद उन्होंने संस्कृति स्कूल के बगल ग्रीन कनेक्टर में मियावॉकी पद्धति से कराये जा रहे पौधरोपण के कार्य का निरीक्षण किया। यहां कार्य की प्रगति काफी धीमी पायी गयी तथा मौके पर ठेकेदार व उसका कोई श्रमिक नहीं मिला।

इस पर उपाध्यक्ष ने वी0के0 कंस्ट्रक्शन पर 5 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। उपाध्यक्ष ने तुरंत आदेश जारी किये कि आगे से प्राधिकरण के किसी भी प्रोजेक्ट में यह फर्म कार्य के लिए प्रतिबंधित रहेगी। इस मौके पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व मुख्य अभियंता एके सिंह समेत समस्त सम्बंधित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता उपस्थित रहे।

# स्मोकिंग रूम कर्मचारियों के लिए बनी भड़ास निकालने की जगह



**लखनऊ।** शनिवार को शहर में नाटक धूम्रपान का मंचन किया गया। संगीत नाटक अकादमी में दो दिवसीय रेपर्टवा वीकेण्ड की शुरूआत रंगमंच के सितारों के साथ हुई। पहले दिन आकर्ष खुराना के निर्देशन में अधीर भारती के लिखे नाटक धूम्रपान का मंचन किया गया। ऑफिस के हालातों को कभी व्यंग्य से दशार्या तो कभी सिगरेट के धुंए के साथ कर्मचारी की जिन्दगी दर्शकों के सामने आयी।

कभी बॉस की डांट, तो कभी काम समय पर पूरा नहीं होने पर ताने के बीच सहमे हुए कर्मचारी जब कार्यालय में बने स्मोकिंग रूम में जाते हैं, तब खुल कर बोलते और चिंतन करते हैं। कई सुपरहिट फिल्म में चरित्र अभिनेता के रूप में नजर आने कुमुद मिश्रा की उपस्थिति सभी को पसंद आयी। अपनी दमदार टाइमिंग और सशक्त अभिनय से कुमुद को खूब तालियां मिली। वहीं मंच पर सुब्रज्योति, आकर्ष खुराना, घनश्याम लालसा, सिद्धार्थ कुमार, तारुक रैना, अभिषेक साहा, सार्थक कक्कर, सौरभ नैय्यर, लिशा बजाज ने प्रभावी अभिनय किया। रविवार को पुराने चावल नाटक मंचन सुमित व्यास के निर्देशन में किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# ईंट से हमला कर भाई को उतारा मौत के घाट

## मकान निर्माण को लेकर दोपहर बाद हुआ विवाद, पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा

● पुलिस ने आरोपी को देर रात हिरासत में लेकर की पूछताछ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राजधानी के महानगर स्थित निशातगंज इलाके में मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण कराते समय दोनों भाईयों में कहा सुनी हो गयी जिसके बाद विवाद बढ़ गया और फिर छोटे भाई ने बड़े भाई दशरथ यादव 45 के सिर पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया।

घटना के बाद पड़ोस में हड़कंप मच गया और इस दौरान वह खून से लथ पथ होकर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गये। शोर शराबा सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और घायल को एक निजी अस्पताल लेकर गये जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आनन फानन में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मुकदमा दर्ज करने के बाद् पुलिस ने आरोपी को देर रात हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार निशातगंज महानगर निवासी दशरथ यादव (उम्र 45 वर्ष) पुत्र स्व0- केदार यादव व उनके छोटे भाई राजकिशोर यादव अपना घर का निर्माण (ऊपरी मंजिल का निर्माण दशरथ यादव व ग्राउंड फ्लोर का निर्माण राजकिशोर यादव) करवा रहे थे। समय करीब 03.30 बजे निर्माण के दौरान आपस में कहासुनी होने के पर राजकिशोर उपरोक्त द्वारा अपने बड़े भाई दशरथ यादव के सिर पर ईंट से हमला कर दिया जिसके बाद। जिन्हें घायल अवस्था इलाज के लिए एक निजी अस्पताले कर जाया गया जहां से उन्हें ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया गया। जहां पर डाक्टरों ने दशरथ यादव उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस मकान को लेकर लगातार विवाद चल रहा था।

दोनों भाईयों में पहले सुलह समझौता हो गया था और सहमति बन गयी थी लेकिन शनिवार की दोपहर मामूली विवाद के दौरान कहा सुनी हुई जिसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की तलाश उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हत्या की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## दबंगों ने युवक पर मकान बेचने को लेकर किया बांके से हमला

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के हरिहरपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की मकान की बिक्री को लेकर पिटाई कर दी। उसके हाथ पर किसी औजार से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ मे गंभीर चोट आई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हरिहर पुर गांव निवासी नौमिलाल शुक्रवार की शाम एटीएम से पैसा निकालने जा रहा था तभी रस्ते में गांव के रहने वाले रामखेलावन व मनोज अपने दो अन्य साथियोबके साथ रास्ते मे रोक कर पिटाई कर दी। तथा उसके साथ पर किसी भारी औजार से हमला कर दिया जिससे उसके हाथ मे ज्यादा चोट आई। पीड़ित के मुताबिक वह अपना मकान बेचना चाहता है जिसे उपरोक्त आरोपी जबरन कम दामो में लेना चाह रहे है। जब नही दिया तो पिटाई कर दी।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने वाले दो आरोपी दबोचे गये

● पेपर आउट कराने में जुटा था पूरा गिरोह, फरार अन्य की भी तलाश एसटीएफ ने की जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित हुई आरक्षी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों अजय सिंह चौहान और सोनू सिंह यादव को राजधानी के विभूति खंड थाना क्षेत्र के निकट किसान बाजार, शहीद पथ पुल के पास से गिरफ्तार किया है।जिनके पास से दो मोबाइल फोन और 1970 रुपए नगद तथा 32 वर्क कागजात जिसमे प्रवेश पत्र व परीक्षा के सम्बंध मे वार्ता व अन्य जरूरी चीजें शामिल है।पकड़े गए आरोपी अजय सिंह चौहान प्रयागराज जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर का और सोनू सिंह यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव प्रयागराज के ग्राम करौंजा कला का रहने वाला है। एडीजी एसटीएफ ने बताया कि पकड़े गए दोनो आरोपियों का एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं साल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव व सुशील भारती है।पकड़े गए अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलते है तथा पैसा इकट्ठा करके सक्रिय गिरोहो के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके उन्हे अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराते है। एडीजी ने बताया कि 17 व 18 फरवरी को सम्पन्न हुई उ0प्र0पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में भी मेरे गिरोह के राजन यादव द्वारा किसी सक्रिय गिरोह से प्रश्न पत्र व उत्तर प्राप्त करके कई अभ्यर्थियों को मोटी रकम लेकर उन्हे उपलब्ध कराया गया था। परीक्षा प्रश्न पत्र के लीक होने की खबर प्रसारित होने व परीक्षा निरस्त होने के उपरान्त सक्रिय गिरोहों की ताबड़तोड़ गिरफ्तारी होने लगी, इसी डर से हम लोग इधर उधर छिपकर रह रहे थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**लखनऊ।** पुरनिया क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आकर शुक्रवार को रंजीत (26) की मौत हो गई। फैजुल्लागंज निवासी रंजीत परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। मां रामनानी के मुताबिक बेटा रंजीत शुक्रवार को काम पर निकला था। दोपहर में वह पुरनिया क्रासिंग के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस बीच ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में रंजीत को ट्रामा सेंटर भेजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मकान का ताला तोड़ कर चुराये जेवर

**लखनऊ।** निजामपुर मल्हौर में मकान का ताला तोड़ कर चोर लाखों के गहने और रुपये बटोर ले गए। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, गुड़ंबा में भी चोरों ने एक मकान में वारदात को अंजाम दिया है।

मल्हौर माधवपुरम निवासी दीनदयाल मूलरूप से झांसी के रहने वाले हैं। वह परिवार संग 26 फरवरी को झांसी चले गए थे। घर में ताला बंद था। पड़ोसियों ने ताले टूटे देख दीनदयाल को फोन कर सूचना दी। शुक्रवार को वापस आने पर पीड़ित ने चिनहट कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया है। दीनदयाल के मुताबिक करीब डेढ़ लाख रुपये और जेवर चोरी हुए हैं। वहीं, गुड़ंबा शिवपुरी कॉलोनी निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव के मकान में चोरी की वारदात हुई। वह परिवार संग एक शादी समारोह में शमिल होने के लिए सुलतानपुर गए हुए थे। पीड़ित के मुताबिक करीब 80 हजार रुपये और सामान चोरी हुआ है।

## राइड कैंसिल करने पर ऑटो ड्राइवर को पीटा

**लखनऊ।** गोमतीनगर कोतवाली में ऑटो ड्राइवर ने राइड कैंसिल करने पर मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने अवध बस स्टेशन से हजरतगंज के लिए ऑटो बुक कराया था। युवक नशे में धुत थे। यह बात ड्राइवर अवध बस स्टेशन पहुंचने पर पता चली थी। सुशांत गोल्फ सिटी अर्जुनगंज निवासी मनोज कुमार वर्मा ऑटो चलाते हैं। ओला ऐप के जरिए उन्हें अवध बस स्टेशन से हजरतगंज तक की राइड मिली थी। मनोज तय वक्त पर स्टेशन पहुंच गए। जहां तीन युवक मिले। ऑटो में बैठने के बाद युवकों ने मनोज से मैप से इतर रास्ते पर चलने के लिए कहा। काफी देर तक वह लोग इधर-उधर घुमाते रहे। हुसड़िया चौराहे के करीब पहुंच कर मनोज ने युवकों से परेशान होकर राइड कैंसिल करने की बात कही। जिससे नाराज होकर युवक मारपीट करने लगे। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि मनोज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अहिमामऊ में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार अमित कुमार (36) की मौत हो गई। हादसे के समय ड्यूटी कर घर लौट रहा था। उधर, हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। वहीं, गुड़ंबा में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक छोटू (23) की जान चली गई। उधर, बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। उधर, बीकेटी में पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार रमेश (50) की मौत हो गई।

सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा निवासी अमित कुमार गोमतीनगर स्थित सैलून में काम करता था। शुक्रवार देर रात वह स्कूटी से घर लौट रहा था। अहिमामऊ इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से अमित उछलकर स्कूटी से दूर जा गिरा। पुलिसकर्मियों ने उसे पीजीआई ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। परिवार में पत्नी डॉली व पांच बच्चे हैं। अमित के पिता सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी नवीन ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, बीकेटी के पहाड़पुर निवासी रमेश (50) एक कार शोरूम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। 24 फरवरी को ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इस बीच बीकेटी इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शनिवार देर उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी किरन चार बच्चे हैं।

## बाइक पर ट्रिपलिंग कर फर्राटा भर रहे थे, एक की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरदोई के मन्नापुरवा निवासी छोटू (23) गोमतीनगर में एक मिठाई की दुकान में नौकरी करता था। वह दुकान पर ही रहता था। पिता राजू के मुताबिक छोटू शुक्रवार रात को अपने साथी टीटू व एक अन्य साथी के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात समाराहे से लौटते समय वह मुंशी पुलिया के पास पहुंचा ही था तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से उछलकर छोटू सड़क पर आ गिरा। सड़क पर पड़ी ईंट सिर पर टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं टीटू व दूसरे साथी को मामूली चोट आई हैं। अप्रैल में छोटू की शादी तय थी।

## एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक करोड़ का पकड़ा सोना

लखनऊ। एयरपोर्ट पर एक करोड़ का सोना कस्टम विभाग ने पकड़ा है। बस के अंदर से यह सोना तस्कर छोड़कर भाग गए। यह बस यात्रियों को फ्लाइट तक लाने और ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाती है। बताया जा रहा है कि शारजाह से आने वाली प्लाइट से इस सोने को लाया गया है। कस्टम विभाग का अनुमान है कि लखनऊ एयरपोर्ट से निकालकर इस सोने कोबिहार ले जाने की तैयार हो रही थी।

**बस की चेकिंग के दौरान मिला:** यात्रियों को उतारने के बाद बस की रूटीन चेकिंग होतीहै। उसी दौरान सीट के पास सोने के दो टुकड़े मिलेहै। मौजूदा समय इसकी वजह करीब 1533 ग्राम है।कस्टम के लोगों ने संबंधित फ्लाइट से आए यात्रियों सेबात भी की है। हालांकि किसी ने भी इसको लेकर क्लेमनहीं किया है। इसके बाद इसको जब्त कर लिया गया है। 15 दिन में 4 करोड़ का माल पकड़ा गया। एयरपोर्ट पर तस्करी लगातार बढ़ गई है। पिछले 15 दिनके अंदर एयरपोर्ट पर सोना और सिगरेट को मिलाकरकरीब 3 करोड़ रुपए का माल पकड़ा गया है। इसमें तीनकरोड़ रुपए का सोना और करीब एक करोड़ रुपए की है।

## एसटीएफ ने दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्करो को चार किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 80 लाख रुपए बताई गई है। रामपुर जिले के सिविल लाइन थानाक्षेत्र के जिमीदार-दा ढाबा रामपुर-मुरादाबाद बाईपास मार्ग से पकड़े गए बिहार के मोतिहारी के पकी दयाल के रहने वाले गुड्डू साहनी और साहब सिंह के पास से अफीम के अलावा तीन मोबाइल फोन और 38 सौ रुपए नकद बरामद किया। एडीजी एसटीएफ ने बताया कि पकड़ा गया गुड्डू साहनी संदीप से अफीम लेकर आता है और रामपुर में साहब सिंह व सुखदेव सिंह को देता है। जिसको साहब सिंह व सुखदेव द्वारा अपने ढाबे पर आने वाले ट्रक चालकों को व जनपद में अन्य स्थानों पर अच्छे दामों में सप्लाई कर दिया जाता है।

# पत्नी के खाते से 1.95 करोड़ रुपये किये ट्रांसफर, मुकदमा दर्ज

● साइबर सेल में कंप्लेन के बाद पति के करतूतों की हुई जानकारी सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर दर्ज कराया मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के एक अपार्टमेन्ट में रहने वाली एक महिला ने अपने ही पति पर 1.95 करोड़ हड़पने का आरोप लगाते हुए सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता गरिमा गोयल ने पुलिस को बताया कि वह रिशिता मन्नत अपार्टमेंट में रहतीं है। आरोप हैं कि उसके ही पति जयेश गोयल ने उसका पुराना सिम बंद करवाकर उसी के नाम से नया सिम लेकर ओटीपी के सहारे उसके खाते से व एफडी तुड़वाकर 1.95 करोड़ (एक करोड़ 95 लाख) अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। पीड़िता ने बताया कि आचानक खाते से रकम निकलने के बाद तत्काल घटना की शिकायत साइबर सेल से की। जिसके बाद उसे पता चला कि उसके ही पति ने ही सारी रकम अपने कई खातों में ट्रांसफर की है। पीड़िता ने जब पति से पूछा तो वह घर से चला गया। जिसके बाद पीड़िता ने पति के खिलाफ सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया। इस संबंध में इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर उसके पति के खिलाडी धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित की तलाश के लिए सर्विलांस सेल की मदद ली जा रही है।

**जालसाजों ने महिला के खाते से उड़ाये रुपये, मुकदमा दर्ज :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला को जालसाजों ने एक निजी बैंक का पासवर्ड रीसेट करने का उल्लेख भेज रीसेट करते ही उसके एसबीआई बैंक खाते से 49,999 रुपए पार कर दिया। खाते से पैसे दूसरे खाते में ट्रांसफर हो जाने की जानकारी होने पर पीडिता ने बैंक शाखा सहित साइबर सेल व स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अमरूदही बाग सिंगारनगर निवासी नम्रता द्विवेदी पत्नी पियुष कुमार द्विवेदी के अनुसार उनका बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कानपुर रोड सिंगार नगर लखनऊ में है। बीते 18 फरवरी को बी ए - ए एच डी आर सी सी से उन्हें एक एस एम एस प्राप्त हुआ जिसमें पासवर्ड रीसेट करने का उल्लेख था जिसको रीसेट करते ही उनके बैंक खाते से 49,999 रुपए एक एक्सिस बैंक के खाते में ट्रासफर हो गये थे। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जमीन बेचने का झांसा देकर 50 हजार हड़पे

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली में दयाशंकर पाण्डेय ने जमीन बेचने का झांसा देकर 50 हजार रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। गोमतीनगर विवेकखंड-दो निवासी दयाशंकर के मुताबिक सलेमपुर गंगागंज निवासी गिरधारी से एक जमीन का सौदा हुआ था। दो लाख रुपये में बात तय होने के बाद 50 हजार रुपये एडवांस दिए थे। इस बीच दयाशंकर को पता चला कि जमीन गिरधारी की नहीं है। छानबीन करने पर महदेई की थी। जिसके आरोपी ने फर्जी कागज तैयार कराए थे। पीड़ित के मुताबिक मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। जिसके चलते पीड़ित ने न्यायालय में अर्जी दायर की थी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया विकास खंड मोहम्मदी जनपद लखीमपुर (खीरी)**

पत्रांक मेमो/निविदा प्रकाशन — दिनांक 25.02.2024

**अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2023-24 निम्न निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | राम सिंह के मकान से हेतराम के मकान तक इन्टरलाक व नाली निर्माण। | इन्टरलॉक, मोरंग, सीमेन्ट ईंट, बालू | 394960 |

निविद फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधत दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत बंजरिया से दिनांक 25.02.2024 से 02.03.2024 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 03.03.2024 अपरान्ह 11.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। तथा 12.00 बजे अपराहन गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बंजरिया, वि.ख.- मोहम्मदी (खीरी)
प्रधान, ग्राम पंचायत बंजरिया, वि.ख.- मोहम्मदी (खीरी)

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुदरिया विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी**

पत्रांक/मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष-2023-24 — दिनांक : 02.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुदरिया में वर्ष 2023-24 मे पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय स्वं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थायी फर्म जिनका आयकर वणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहरबन्द निविदा दिनांक 03.03.24 से 07.03.2024 को अपराहन 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय से दिनांक 07-03-2024 समय 4 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | माता प्रसाद के घर से लालजी के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1,80,000 |

**नियम शर्तः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत गुदरिया के कार्यालय में 03.03.2024 से 07.03.2024 तक रुपये मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत गुदरिया के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 03.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत गुदरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 07.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान, फकीरा, ग्राम पंचायत गुदरिया, विकास खण्ड धौरहरा खीरी
सचिव, उदय प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत गुदरिया, विकास खण्ड धौरहरा खीरी


# एयरपोर्ट टर्मिनल पर तैनात सुरक्षा गार्ड की मौत पर हंगामा

● कम्पनी द्वारा साढ़े बारह लाख रुपये मुआवजा राशि एवं पत्नी को नौकरी की मांग पूरी होने पर शांत हुए परिजन

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन दिनों चल रहे निर्माण कार्य में लगे निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड पर शुक्रवार रात डयूटी दौरान भारी भरकम गेट के नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई` सूचना पर पहुंची स्थानीय सरोजनीनगर पुलिस सुरक्षा गार्ड को लोकबंधु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरों ने गार्ड को मृत घोषित कर दियो वहीं मृतक की मौत पर मौके पर अस्पताल पहुँच परिजन व सहकर्मियों ने मुआवजा एवं नौकरी की मान को लेकर हंगामा करना शुरू कर दियो वहीं हंगामे की सूचना पर अस्पताल पहुंची कृष्णा नगर व सरोजनीनगर पुलिस कंपनी के अधिकारियो से वार्ता कर परिजनों को शांत कराने में जुट गए और मृतक की परिजनों की सहमति के बाद मामला शांत होने के बाद मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि मूल रूप से भोगनियापुर कानपुर देहात निवासी रवि द्विवेदी (28) पुत्र महेश नारयण द्विवेदी मूल निवासी सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित शान्ति नगर में पत्नी प्रियंका व 4 वर्ष बेटे आयूष व 2 वर्ष बेटी लाडो के साथ रहकर चौधरी चरणों से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी कंपनी (एमएसएफ) मॉडर्न वीर सिक्योरिटी फोर्स में गार्ड के पद पर कार्यरत था। मृतक एक भाई एक बहन थे बहन विवाहित हैं। वही परिजनों के अनुसार शुक्रवार देर शाम करीब 9:30 पर टर्मिनल 3 बिल्डिंग एरिया में ड्यूटी कर रहा था। टर्मिनल 3 एरिया में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का एक नया बैरक बनाया जा रहा। बैरक से पहले एक स्लाइडिंग गेट लगा हुआ था। स्लाइडिंग गेट में स्टॉपर ना होने की वजह से जब रवि द्विवेदी ने गेट खोलने के लिए खिसकाया तो वह अचानक रवि द्विवेदी के ऊपर गिर पड़ा। लोहे का भारी गेट होने के कारण रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही रवि की चीखने की आवाज अन्य लोगों ने सुनी तो वहां पहुंचकर किसी तरह रवि को गेट के नीचे से बाहर लेकिन तबतक गेट के नीचे दबने से रवि की मौत हो गई थी आनन फानन में कंपनी के कर्मचारियों ने अपने अधिकारियो एवं पुलिस को सूचना दे गार्ड को लोकबंधु अस्पताल ले गया जहाँ जाँच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 11/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरणः स.म.इं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मेन्टेनरो की रिक्त पदों के विरूद्ध आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 5,77,57,721.87, बयाना राशि रूपयो में : रू. 4,38,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। क्र.सं. 2. कार्य का विवरणः स.म.इं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मेन्टेनरो की रिक्त पदों के विरूद्ध आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 2,92,65,934.14, बयाना राशि रूपयो में : रू. 2,96,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 560

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# किताबों से सीखा जिंदगी भर काम आयेगा : महेश कुमार गुप्ता

## रवीन्द्रालय चारबाग में कवि सम्मेलन के साथ किताबों का मेला प्रारम्भ, सतरंगी होंगे साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किताबें पढ़ने से सीखा जीवंत पयंत काम आता है। पढ़ने की आदत कभी न छोड़ें। नसीहत भरे ये उद्गार लखनऊ पुस्तक मेले का गम्भीरता से अवलोकन करने के बाद अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने व्यक्त किये।

रवीन्द्रालय चारबाग लान के वाटरप्रूफ पाण्डाल में रिमझिम बारिश और बदली भरे मौसम में 10 मार्च तक चलने वाला लखनऊ पुस्तक मेला आज से प्रारम्भ हो गया। साथ ही पुस्तक मेले की थीम साहित्य कला संस्कृति के हिसाब से निःशुल्क प्रवेश वाले मेले में आज से ही साहित्यिक, अध्यात्मिक और सांस्कृतिक समारोह का भी आगाज हो गया।

अपर मुख्य सचिव ने मेले के इस संस्करण को एक यादगार अनुभव बताते हुये कहा कि युवा पीढ़ी आज अखबार और किताबें केवल मतलब भर से पढ़ती है, आदत नहीं बना रही, आदत बनेगी तो पढ़ने का संस्कार अगली पीढ़ी भी हस्तांतरित होगा। इससे पहले ज्योति किरन के संचालन में चले समारोह में आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने पुस्तक मेले की लगभग ढाई दशक की यात्रा करते हुए बताया कि हमारा प्रयास रहता है हर बार देश भर से नये-नये प्रकाशकों को बुलायें। मेले में आने वाले सरकारी प्रतिष्ठानों में प्रमुख प्रतिभागियों में प्रकाशन विभाग भारत सरकार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, नेशनल काउंसिल फार प्रमोशन आफ उर्दू लैंग्वेज नई दिल्ली, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया कोलकाता हैं। इसके अलावा सस्ता साहित्य मण्डल नई दिल्ली, अहा गुरु एजुकेशनल टेक्नोलॉजी चेन्नई, निखिल पब्लिशर्स आगरा, बोधरस प्रकाशन, दलित साहित्य केंद्र, श्रीरामकृष्ण मिशन, योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र, हिन्दी वांगमय, पद्म बुक कंपनी, याशिका एंटरप्राइज, जय बुक्स मुंबई, ऋषभ बुक्स, रितेश बुक कंपनी, आर्यन बुक सेलर्स, एंजेल बुक हाउस रायपुर, भारतीय कला प्रकाशन, मुक्ता बुक एजेंसी, सुभाष बुक स्टोर, तिरुमाला सॉफ्टवेयर, मेहता बुक्स पटना, यूनिवर्सल बुक स्टोर मिला कर लगभग अस्सी स्टालों से लखनऊ पुस्तक मेला सजेगा।

साहित्य कला संस्कृति को समर्पित मेले में मंच पर पुस्तक विमोचन, साहित्य चर्चा, काव्य पाठ, कहानी वाचन, सहित बच्चों एवम युवाओं के कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र होंगे। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में स्थानीय लेखकों की पुस्तकों के लिए भी एक स्टाल है। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी रहने वाले और एकदम फ्री इण्ट्री वाले इस मेले में जहां इस पुस्तक मेले में किताबों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत तक छूट हर खरीदार को मिलेगी वहीं पुस्तक प्रेमियों को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। मेले में पार्किंग की समुचित व्यवस्था रहेगी। मंच के कार्यक्रमों की शुरूआत कादम्बिनी क्लब की महिलाओं की भाव भरी साहित्यक प्रस्तुतियों से हुयी। कार्यक्रम में महिला विद्वानों के सम्मान और काव्यपाठ हुआ। साथ ही यूपिका तिवारी अलका चतुवेर्दी, सुमित सेन की सूफी नृत्य, कवि मुकेशानंद की बसंत पर कविता, डॉक्टर अनिता श्रीवास्तव, प्रतिभा बाल्यान, दीप्ति सिंह, मोनिका, अनुकृति, रिया की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। फोर्स वन बुक्स के साथ किरन फाउण्डेशन, ओरिजिन्स, ट्रेड मित्र और ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन आदि के सहयोग से हो रहे मेले के बारे में यूपी त्रिपाठी ने बताया कि विश्वम महोत्सव के अन्तर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति लगाव पैदा करने के मकसद से शहर भर के अनेक स्कूल-कालेजों के विद्यार्थियों को मेले में आमंत्रित किया जा रहा है। यहां उनके विभिन्न कार्यक्रम होंगे और प्रतियोगिताएं चलेंगी।

## रविंद्रालय पर निर्मित अहम कलाकृति बनी चर्चा का विषय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जैसा कि कला जगत इस वर्ष 2024 में देश के प्रख्यात कलाकार के जी सुब्रमण्यन की जन्मशती मना रहा हैं, इस असाधारण व्यक्ति के जीवन और विरासत का सम्मान करना उचित है क्योंकि के जी सुब्रमण्यन एक उत्कृष्ट शिक्षक, उल्लेखनीय कलाकार और भारतीय आधुनिक कला के एक अग्रणी दूरदर्शी रहे हैं। उनका प्रभाव हमेशा प्रेरणादायक बना रहता है, जो उनकी कलात्मक दृष्टि के स्थायी महत्व और उनके रचनात्मक प्रयासों की कालातीत प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को शुरू हुए लखनऊ बुक फेयर में कलाकारों द्वारा इस महान कलाकार की अद्वितीय किन्तु उपेक्षित पड़ी कलाकृति की ओर ध्यान आकर्षित कर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। चूँकि के जी सुब्रमण्यन की जन्मशती वर्ष पर देश भर में कई महत्त्वपूर्ण कलात्मक गतिविधियां हो रही हैं इसी तत्वावधान में लखनऊ उत्तर प्रदेश में भी कलाकार सुब्रमण्यन को उनके द्वारा 1963 में रविंद्रालय पर बनाई गयी महत्त्वपूर्ण टेराकोटा म्यूरल ₹ किंग ऑफ द डार्क चेम्बर के माध्यम से याद कर रहे हैं। इस अवसर पर पुस्तक मेले में इस कलाकार और कलाकृति से जुड़ी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है। पुस्तक मेले के उद्घाटन समारोह में आये मुख्य अतिथि श्री महेश कुमार गुप्ता आईएएसएसीएस उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अवलोकन किया।

चित्रकार, क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि यह वर्ष कला जगत के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। पद्मश्री, पद्म भूषण एवं पद्म विभूषण से सम्मानित विश्व विख्यात भारतीय कलाकार कल्पथी गणपति सुब्रमण्यन (के जी सुब्रमण्यन) (15 फरवरी 1924 - 29 जून 2016) का इस वर्ष जन्मशती वर्ष है।

हम उनके असीम रचनात्मक प्रतिभा को याद करते हैं। हम गर्व महसूस करते हैं कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने बने रवींद्रालय पर महत्वपूर्ण कलाकृति बनाया गया है। यह राष्ट्रिय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्त्वपूर्ण है। यह भित्तिचित्र के जी सुब्रमण्यन के करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। रवींद्रनाथ टैगोर के नाटक किंग ऑफ द डार्क चैंबर पर आधारित, यह टैगोर के लिए एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि है, जिन्होंने गांधी के साथ उनके जीवन और विचारों पर एक महान प्रभाव डाला था, और सामान्य रूप से थिएटर और कला के कार्य पर एक रूपक बनाया था। यह म्यूरल करीब 13000 छोटे छोटे ग्लेज्ड टैराकोटा के डिजाइन दार ब्लॉक का 9 फूट बाई 81 फुट, एक विराट कला का उत्तम संयोजन का उदाहरण है। यह म्यूरल कला साहित्य संस्कृति नजाकत भरे लहजे के लखनउ शहर की धरोहर है। इसे सहेज कर रखना जरुरी है। मेरी जिम्मेवार संस्था से अपील है की इस राष्ट्रीय धरोहर का अच्छे से रख रखाव करे तथा भविष्य में आने वाली कलाकार पीढ़ी को कला दर्शन और प्रेरणा मिले। साथ ही प्रदेश के कलाकारों की हार्दिक इच्छा भी है कि लखनऊ मे आधुनिक कला संग्रहालय भी बनाया जाये और अनेक महान कलाकारों की कला कृतियों की संरक्षण और दस्तावेजीकरण करते हुए राष्ट्रीय सम्पदा मे भी शामिल किया जाना चाहिए और पर्यटन की दृष्टि से भी इसे रेखांकित किया जाये।

# खरमास 14 से, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में खरमास का विशेष महत्व होता है. ज्योतिष गणना के मुताबिक खरमास के समय में शादी-विवाह जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते। ज्योतिष मान्यता के अनुसार जब सूर्य, मीन राशि में गोचर करता है तो उसे मीन मास कहा जाता है।

साल में दो बार खरमास का माह लगता है। इतना ही नहीं खरवास एक ज्योतिषीय घटना भी माना जाता है जो विभिन्न कार्यों के लिए शुभ अथवा अशुभ समय का निर्धारण करने में महत्वपूर्ण होता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक साल 2024 में खरमास 14 मार्च से शुरू हो रहा है। जिसका समापन 13 अप्रैल को रात्रि 9:03 पर होगा। पं. बिन्द्रेस दुबे ने कहा कि वर्ष में दो बार खरमास का माह लगता है। ज्योतिष के मुताबिक इस एक महीने में शुभ काम की मनाही होती है, इसलिए इन दिनों मुहूर्त नहीं होते हैं। खरमास के महीने में शुभ अथवा मांगलिक कार्य जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, कलश स्थापना नहीं किया जाता है तो वहीं धार्मिक कार्य जैसे पूजा, हवन आदि खरमास के माह में किया जा सकता हैं।

**हिंदू धर्म में खरमास को शुभ नहीं माना जाता:** खरमास में देवी देवताओं ब्राह्मण और बुजुर्गों की सेवा आराधना की जाती है। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इसके अलावा खरमास के महीने में भगवान विष्णु की भी पूजा करने का भी विधान है। इस माह प्रतिदिन विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ करना चाहिए। खरमास के दौरान पवित्रता बनाए रखने के लिए अगर संभव हो तो एक बार भोजन करना चाहिए। खरमास में पत्तों पर भोजन करने और जमीन पर सोने के भी विधान है। इतना ही नहीं खरमास के दौरान शुभ कार्यों को न करने की सलाह भी देनी चाहिए।

# नारी को अन्याय के विरुद्ध जागना होगा लोक लाज को छोड़ नहीं भागना होगा...

● कविताओं और नृत्य से दिया स्त्री शक्ति का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा महिला सशक्तिकरण शक्ति द पवार थीम पर कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आई. ए. एस. मा. महेश कुमार गुप्ता , ए. सी. एस. उत्तर प्रदेश ने मेले का उद्घघाटन किया। सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट रचनाओं द्वारा हिन्दी के बहुमुखी विकास और सक्रियता के लिए डॉ मालती राय शर्मा,सुष्मिता सिंह, डॉ स्वेता सिंह ,रश्मि लहर, अर्चना सिंह, संजय सागर और संजय मल्होत्रा हमनवा को सुरभि काव्य सृजन सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नन्ही प्रतिभाओं जया सिंह, शिक्षा अग्रवाल,विदुषी शुक्ला ,अनाया गौतम, गुनगुन कौर, रुद्राक्ष सिंह और अर्चना को सुरभि रत्न सम्मान से नवाजा गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू, विशिष्ट अतिथि लेखिका, समीक्षक पायल सोनी, टीचर इंचार्ज कामनेषु कुमार उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में अर्चना सिंह ने नारी को अन्याय के विरुद्ध जागना होगा, लोक लाज को छोड़ नहीं भागना होगा। डॉ श्वेता श्रीवास्तव ने किस सुकूं की तलाश है उसको, क्यूँ मुसलसल सफर में रहता है, डॉ मालती राय शर्मा ने लगी तुम्हारी याद सताने फागुन आया है, मां मंदिर में तुम्हें सजाने फागुन आया है, सुस्मिता सिंह काव्यमय ने नये- नये युग की ये, नई ही फसल है ये,.ख्वाब आसमानों के हैं, नन्हीं सी हैं चिड़िया, रश्मि लहर ने परिवर्तन के दौर में, सभी मूल्य प्रतिकूल आहत अभिभावक सहें, मतभेदों के शूल संजय सागर ने अजब एक बदगुमानी है कि उल्फत रंग लाती है, ये गर सच है तो क्यों फिर कैसो रांझे ने शहादत की, संजय मल्होत्रा हमनवा ने कैसे किसी गरीब की बेटी बने दुल्हन, रिश्ते तलाश होते हैं जागीर देख के अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज करते हुए लाजवाब काव्यपाठ किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जया सिंह ने हे गजबदन वक्र तुंड महाकाय, क्रिस्टल ने शक्ति की का नाम ही नारी है, शिक्षा अग्रवाल ने चुनर उड़ा के ध्वज बना, गगन भी कपकपायेगा, आशी गौतम ने वही शक्ति है नारी, अर्शजोत ने योद्धा बन गई अपनी अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया । कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ मालती राय शर्मा, संचालन संजय मल्होत्रा और संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना रहें।



# शास्त्रीय गायन व तबला वादन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रियम्वदा फाउंडेशन द्वारा सांस्कृतिक संध्या संस्कृति के रंग, संगीत के संग का आयोजन शनिवार सायं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर के प्रेक्षागृह में किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव प्रणव अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ उदीयमान तबला वादक आराध्य प्रवीण के एकल तबला वादन से हुआ। उन्होंने अपने दक्ष प्रदर्शन से दर्शकों की खूब वाहवाही पाई। सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक प्रवीण कश्यप ने उत्कृष्ट प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा। अपने क्षेत्र में शीर्षस्थ कलाकारों में सम्मिलित डॉ. सुनील पावगी, शास्त्रीय गिटार वादक तथा पं. रविनाथ मिश्र की जोड़ी ने अपने कुशल प्रदर्शन से सभागार को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश ने शास्त्रीय संगीत को आम जनता विशेषकर युवाओं तक पहुँचाने के लिए प्रियम्वदा फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए संगीत को संस्कृति का वाहक बताया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित आत्म प्रकाश मिश्र, कार्यक्रम प्रमुख, दूरदर्शन लखनऊ, अखिलेश द्विवेदी, एआरटीओ, लखनऊ तथा सिद्धार्थ स्वरुप, प्रमुख रिटेल सेल्स, इंडियन आयल, लखनऊ द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में संस्कृति को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को रेखांकित किया गया तथा ऐसे कार्यक्रमों को नियमित आयोजित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया. संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती गरिमा मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

सं.-1001 रा.वि.आ. - पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2023-24 दिनांक 29 फरवरी 2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-1000/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2023-24 दिनांक 29 फरवरी, 2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हों) को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो मे से 16 निर्माण कार्य हेतु दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 2:30 बजे तक सीलबन्द निविदायें नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे सहायक अभियनता (सिविल) एंव अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ 2% धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./ एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक 06.03.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

# व्यक्ति को पॉजिटिव सोच की कला सीखनी होगी

● विपरीत परिस्थितियों में सकारात्मक सोच ही है सफलता का मंत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सामाजिक संस्था दीप चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शनिवार दो मार्च को निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस में मानसिक विकार और उसके निदान पर सारगर्भित परिचर्चा हुई। इसमें बताया गया कि व्यक्ति को पॉजिटिव सोच की कला सीखनी होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक प्रेरणा से व्यक्ति जल्द स्वस्थ हो सकता है। समारोह की मुख्य अतिथि पंचायती राज विभाग की एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पीसीएस स्वाति गुप्ता थी।

संस्था के सचिव दीप प्रकाश की अगुआई में यह आयोजन दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक प्रो. शिवाली ने रेशनल इमोटिव बिहेवियर थेरेपी एलिस अर्थात तर्कसंगत भावनात्मक व्यवहार थेरेपी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि जीवन को एक अवसर की तरह देखना चाहिए। जब भी जीवन में दिक्कत या परेशानी आए तब अपने एक्शन्स को इस तरह लेकर चलना चाहिए कि हम पॉजिटिव और हेल्दी कार्य कर रहे हैं। हमे कभी हेल्थ कॉम्प्रोमाइजिंग निर्णय नहीं लेने चाहिए। हमें हमेशा हेल्थ प्रमोटिंग निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोचिकित्सक की सलाह लेना कहीं भी यह साबित नहीं करता कि व्यक्ति मानसिक रूप से पागल है। यह एक स्वाभाविक चिकित्सकीय परामर्श मात्र होता है। इसका आशय है कि मनोचिकित्सक वे ऑफ लाइफ में गुणात्मक सुधार ला सकता है। दूसरे सत्र में आरसीआई पंजीकृत क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एमिटी विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर अनामिका श्रीवास्तव ने बेक की कॉग्नेटिव थेरेपी पर व्याख्यान दिया। चिकित्सक को चाहिए कि वह अपने पेशेंट को यह पूरी तरह से विश्वास दिलाए कि उसके सभी राज सुरक्षित रहेंगे। इसके साथ ही उसे इतना यकीन दिलाए कि वह एंबेरेसिंग तथ्य भी आसानी से आपसे साझा कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि दवाओं के साथ किस तरह थेरेपी उपयोगी होती है।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मलेन की प्रदेश अध्यक्ष बनी रेखा लाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय समिति ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 2024-26 सत्र हेतु नई समिति के नामों की घोषणा की। रेखा लाठ को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, उनके अलावा शालिनी सिंघल को उपाध्यक्ष, अनुराधा बंसल सचिव और मधु लाठ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस प्रदेश समिति का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा । इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा लाठ ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन निरंतर समाज और अपने सदस्यों की भलाई के लिए कार्य करता रहेगा।

# भाजपा ने 37 आयामों पर तय किया जीत का लक्ष्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर ने लोकसभा संचालन समिति एवं विधानसभा संचालन समिति की बैठक शनिवार को आहूत हुई। जिसकी अध्यक्षता लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। भाजपा

- **लखनऊ लोकसभा संचालन समिति बैठक में तय हुई आगामी रणनीति**
- **भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**



नेता नीरज सिंह, लोकसभा संचालन समिति संयोजक एलएमसी मुकेश शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तय की गयी जिम्मेदारियों के अनुसार विस्तृत रूप से आगामी रणनीति तय की गयी।

बैठक में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है अब पार्टी के कार्यकर्ता के ऊपर पूरी जिम्मेदारी है। संगठन द्वारा तय 37 आयामों पर व्यवस्था प्रमुख के साथ चुनाव संचालन समिति तय किया गया है। जिनको ऊपर पूरी जिम्मेदारी है कि पूरी निष्ठापूर्वक कार्य करके भारी मतों से जीत दर्ज कराना है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए यह संचालन समितियां महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ काम करेगी है।

राज्य एवं केंद्र द्वारा जनकल्याण योजनाओं को सभी जनों तक पहुंचाने का काम करेंगे, जिसके लिए पार्टी द्वारा लाभार्थियों से बस्तियों में संपर्क अभियान कार्यक्रम भी चल रहा है। सभी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम करे। एक-एक आयाम पर आपको प्रमुखता के साथ जिम्मेदारी का निर्वाह करना है संचालन समिति संयोजक एलएमसी मुकेश शर्मा ने कहा कि आप सभी अनुभवी कार्यकर्ता है जिनके कठिन परिश्रम से पिछले कई चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी गाड़ी हर वार्ड में पहुंचकर योजनाओ का लाभ लाभार्थियों के तक पहुंचने का काम कर रही है आगामी चुनाव में यही लाभार्थी कमल का बटन दबाकर भरी मतों से जीत दिलाने का काम करेगी। भाजपा लखनऊ महानगर एवं लोकसभा संचालन समिति मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में आयोजित लोकसभा और विधानसभा की बैठकें अलग-अलग आयोजित की गयी, जिसमें लोकसभा बैठक में सुनिश्चित विभागों के संयोजक व सहसंयोजक और विधानसभा बैठक में इसके अतिरिक्त विधानसभाओं के संयोजक और प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## चेतना विद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न

**लखनऊ।** बनारस रेल इंजन कारखाना के महिला कल्याण संगठन द्वारा दिव्यांगजन के लिए संचालित चेतना विद्यालय का वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा..पूनम सिंह खरवार ने पुष्प गुच्छ देकर बरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अध्यक्ष नीलिमा पांडा का स्वागत किया। अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का रंगारंग शुभारम्भ करते हुए विद्यालय प्रबंधन को शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने का आह्वान किया। संगठन की सदस्य व काशी हिदु विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. पूनम सिंह ने दिव्यांगजनो के स्वावलंबन एवं रोजगारउन्मुख शिक्षा के लिए महिला कल्याण संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि शिक्षा व्यक्तित्व व समग्र विकास के लिए अतिआवश्यक है।

## चार ट्रेनें निरस्त, कई रुककर चलेंगी

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के वाराणसी जं. स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों का नियंत्रण एवं निरस्तीकरण होगा। जिन ट्रेनों का पुर्ननिर्धारण किया गया है उनमें 06 मार्च को 14008 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल सद्भावना एक्सप्रेस वाराणसी जं. में 40 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 08 मार्च को 14007 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस सद्भावना एक्सप्रेस वाराणसी सिटी स्टेशन में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें बक्सर एवं बनारस से 08 मार्च को प्रस्थान करने वाली 03649/03650 बक्सर-बनारस-बक्सर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। बनारस एवं प्रयागराज रामबाग से 08 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05475/05476 बनारस-प्रयागराज रामबाग-बनारस अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

## पिछली बार से ज्यादा रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे राजनाथ



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से भाजपा से राज नाथ सिंह को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने खुशी व्यक्त की। व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक से प्रत्याशी बनाए जाने पर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा राज नाथ सिंह ने लखनऊ के विकास को अत्यधिक गति दी है इस बार वह पिछली बार से ज्यादा रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। साथ ही साथ कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक से प्रत्याशी बनाए जाने पर संजय गुप्ता ने भाजपा नेतर्त्व को धन्यवाद दिया तथा प्रवीण खंडेलवाल को बधाई दी। इस अवसर पर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# छात्राओं ने लगाये रोचक और मनोरंजक स्टॉल

## नवयुग कन्या महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में आयोजित हुआ साईफिएस्टा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में साईफिएस्टा का आयोजन शनिवार को हुआ। सेलीब्रेटिंग द जॉय ऑफ लर्निंग एंड डिस्कवरी विषय पर छात्राओं द्वारा बहुत ही रोचक और मनोरंजक स्टॉल लगाये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एडवोकेट जनरल कुलदीप पति त्रिपाठी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो.शीला मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ फेस्ट के



औपचारिक उद्घाटन के साथ हुआ। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह दिया।

अपने उद्बोधन में कुलदीप पति त्रिपाठी ने विज्ञान में नवाचारों के महत्व को समझाते हुए इस आयोजन की सार्थकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विज्ञान जीवन को सुगम बनाता है जिसकी आधारशिला आध्यात्म है। प्रो.शीला मिश्रा ने कहा कि विज्ञान का उपयोग आध्यात्म के सहयोग से समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा इस प्रकार का आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणा का काम करते है। उन्होंने छात्राओं के परिश्रम एवं उनकी कल्पनाशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आत्मविश्वास बढ़ाने में एक प्रेरक होते है। प्रो. मंजुला उपाध्याय ने नवाचारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आधार बताते हुए इस तरह के आयोजन की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

# संयुक्त संघर्ष संचालन समिति 12 मार्च को करेगी प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कर्मचारी शिक्षकों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश (एस-4) ने ओपीएस बहाली सहित 5 मांगों की पूर्ति के लिए विधान भवन लखनऊ 12 मार्च को प्रदर्शन की तैयारी तेज कर दी है। लखनऊ जनपद के एस-4 की तैयारी तेज कर दी है।

एस-4 के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पाण्डेय एवं संयोजक सीएल गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लागू होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शन की तिथि 20 मार्च 2024 को परिवर्तित कर 12 मार्च 2024 किया गया है। लखनऊ में जनसंपर्क अभियान चलाकर विगत दो दिवसों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय, परिवहन निगम, परिवहन आयुक्त कार्यालय, परिवार कल्याण महानिदेशालय, राजस्व परिषद कलेक्ट्रेट, सिंचाई विभाग मुख्यालय, सहकारिता विभाग मुख्यालय तथा मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालयों में संपर्क किया गया। कर्मचारी नेताओं ने सरकार से समाप्त किये गये भत्तों की बहाली, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, निजीकरण व आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती पर से रोक हटाने आदि मांगों पर अविलम्ब निर्णय लिए जाने की मांग दोहराई।

## बिलासपुर रोड स्टेशन पर रुकेगी जनशताब्दी



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव इज्जतनगर मंडल के बिलासपुर रोड स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। काठगोदाम से 06 मार्च से चलने वाली 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 16.55 बजे पहुंचकर 16.57 बजे प्रस्थान करेगी। नई दिल्ली से 07 मार्च से चलने वाली 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम जनशताब्दी एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 09.48 बजे पहुंचकर 09.50 बजे प्रस्थान करेगी। देहरादून से 06 मार्च से चलने वाली 12091 देहरादून-काठगोदाम जनशताब्दी एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 21.33 बजे पहुंचकर 21.35 बजे प्रस्थान करेगी। काठगोदाम से 08 मार्च से चलने वाली 12092 काठगोदाम-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 06.58 बजे पहुंचकर 07.00 बजे प्रस्थान करेगी।

# एक लाइसेंस पर तीन शस्त्र तो होगी कार्रवाई : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शस्त्र को लेकर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि कोई भी शस्त्र धारक एक लाइसेंस पर तीन से अधिक शस्त्र रखे है तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई होगी। इससे पहले भी विधान सभा चुनाव के दौरान शस्त्र थाने में जमा करने के लिए नोटिस दिया गया था जिसके बाद भी कुछ असलहाधारको ने अपना शस्त्र जमा नही किया था।

- **लोकसभा चुनाव से पहले शस्त्र धारको पर होगी कड़ी नजर**

ऐसे में थाने से बार-बार रिपोर्ट भेजने के बाद भी लोगो ने शस्त्र का सही आकड़ा नही बताया। ऐसे में फिर एक बार डीएम ने अधिकारियों को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव शुरु होने से पहले सभी शस्त्र धारको पर विशेष नजर भी रखा जायेगा। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि शस्त्र जिन्होंने जमा नही किया है उनको प्रदेश से बाहर जाने पर थाने को सुचना देना होगा। थाने के अनुमति के बाद ही शस्त्र प्रदेश के बाहर जा सकता है। लोक सभा चुनाव से पहले इस बात के लिए सभी थानों को सूचना दे दिया गया है।

# अब ड्राइवरों को चाय पीने के लिए मिलेगी केतली

समरेश पति त्रिपाठी (vol)

**लखनऊ।** बस चल रही है और ड्राइवरों को झपकी लग रही है तो इसके लिए गरमा-गरम चाय साथ में रहने के लिए परिवहन विभाग केतली देने की योजना बना रहा है। केतली में ठंडी के दिनो में गरम पानी और चाय रख सकते है। लंबी दूरी की बस चलाने वाले चालकों को केतली दी जाएगी।

चालक इस केतली में चाय को रखेंगे। रास्ते में ढाबा न मिलने की दशा में केतली की चाय की चुस्की लेंगे। इससे लंबे रूट पर चलने वाले बस चालकों को राहत मिलेगी। कोहरे में रात दस बजे के बाद बसों को कहीं सुरक्षित ठिकाने पर रास्ते में रोकने का निर्देश भी दिया गया है। ऐसे हालात में ढाबा न मिलने पर चालक केतली से गरमा- गरम चाय भी पी सकेंगे।



जिसके लिए अयोध्या से लंबी दूरी की बसों को चिन्हित कर लिया गया है। केतली में चालक गरमा- गरम चाय रख लेंगे जिसे रास्ते में इस्तेमाल कर सकेंगे। परिवहन निगम मुख्यालय की ओर से ठंड के मौसम में चालकों को राहत पहुंचाने के लिए केतली देने का फरमान जारी किया है। अयोध्या डिपो में वर्तमान में 115 बसें विभिन्न रूटों पर संचालित हो रही हैं। इसमें लगभग 70 बसें लंबी दूरी की शामिल हैं। जिन बस चालकों को केतली से लाभान्वित करने के लिए चिन्हित किया गया है वे 400 किलोमीटर से अधिक दूरी का सफर तय कर रही हैं। निगम अफसरों की मानें तो इनमें से तमाम को केतली का वितरण भी कर दिया गया है। मालूम हो कि रोडवेज अयोध्या डिपो की दिल्ली, बरहज-लखनऊ, गोरखपुर- लखनऊ, कानपुर, महराजगंज, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, आगरा, मथुरा, बहराइच सहित कई लंबे रूटों पर बसें संचालित हो रही हैं। लखनऊ के आरएम आरके त्रिपाठी ने बताया कि लम्बी दूरी के बसो को जगह-जगह रोकने के लिए परिवहन निगम के तरफ से ढाबे अनुब्धित किया गया है जिसपर चाय से लेकर नास्ता तक मिलता है।

उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की बसों का संचालन करने वाले चालकों को केतली दी जाएगी। ताकि रास्ते में चाय न मिले तो वह केतली में रखी चाय पी सकें। कुछ चालकों को पहले ही केतली वितरित की जा चुकी है।

## आशीष ने फ्री स्टाइल कुश्ती में जीता रजत पदक



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने वर्ष पर्यन्त देश का परचम लहराया। इसी क्रम में 24 एवं 25 फरवरी को ईरान में आयोजित विश्व कप कुश्ती प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे के आशीष ने फ्री स्टाइल में 97 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। आशीष सोनीपत जनपद के रहने वाले है, जिनकी नियुक्ति पूर्वोत्तर रेलवे पर खेल संवर्ग के अन्तर्गत वर्ष 2023 में हुई है। इसके पूर्व आशीष ने जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी रजत पदक जीता था। वर्तमान समय में आशीष गोरखपुर जं. स्टेशन पर टिकट संग्राहक के पद पर कार्यरत है। आशीष के इस उपलब्धि पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, नरसा सौम्या माथुर, अध्यक्ष, नरसा श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव, नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# समाधान दिवस में 483 प्रकरण में 89 का हुआ निपटारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में पांचो तहसीलों में पीड़ितो के समस्याओं का समाधान किया गया। सरोजनीनगर में मंडलायुक्त रौशन जैकब ने समाधान दिवस पा आये 90 प्रकरणों में 6 का मौके पर निस्तारण कर बाकी पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है



या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि तहसील मलिहाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 23 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।

उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 38 में से 9 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 71 में से 23 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 144 में से 34 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 120 में से 17 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 90 में से 06 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 56, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 7, राजस्व 251, विकास 26, शिक्षा 5, समाज कल्याण 20, चिकित्सा 03 तथा अन्य 95 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की ऐसे प्रकरण जो तहसील दिवसों और जन सुनवाई में बार-बार आते है उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और अगर प्रकरण निस्तारण योग्य है उसको तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह, तहसीलदार मलिहाबाद, पुलिस, समाज कल्याण सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सुधार के संकल्प के साथ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



**लखनऊ।** सीएमएस के तत्वावधान में स्कूल के गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में चल रही दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के संकल्प के साथ सम्पन्न हो गयी। कार्यशाला के दूसरे व अंतिम दिन शनिवार को अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि विभिन्न जिलों से आये 600 से अधिक शिक्षकों ने मोन्टेसरी से लेकर कक्षा-2 तक के नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए खासतौर पर तैयार किये गये अल्फा प्रोजेक्ट पर गहन चिन्तन-मनन व विचार-विमर्श किया और छोटे बच्चों के लिए शिक्षा को और अधिक रूचिपूर्ण व प्रभावशाली बनाने के गुर सीखे। कार्यशाला के तहत छात्रों के सीखने की प्रक्रिया के चार चरणों का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें टीचर-चाइल्ड डेमा, चाइल्ड-चाइल्ड डेमो, इंटायर क्लास पार्टिसिपेशन एवं पीर वर्क प्रोसेस प्रमुख रहे।

## महसी रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी दस ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के मेहसी स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। गुवाहाटी से 06 मार्च से चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 07.51 बजे पहुंचकर 07.53 बजे प्रस्थान करेगी। जम्मूतवी से 08 मार्च से चलने वाली 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 02.11 बजे पहुंचकर 02.13 बजे प्रस्थान करेगी। मुजफ्फरपुर से 04 मार्च से चलने वाली 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 14.35 बजे पहुंचकर 14.37 बजे प्रस्थान करेगी। देहरादून से 09 मार्च से चलने वाली 15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 14.10 बजे पहुंचकर 14.12 बजे प्रस्थान करेगी। कोलकाता से 08 मार्च से चलने वाली 15051 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 02.04 बजे पहुंचकर 02.06 बजे प्रस्थान करेगी। गोरखपुर से 07 मार्च से चलने वाली 15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 15.38 बजे पहुंचकर 15.40 बजे प्रस्थान करेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 03 मार्च से चलने वाली 14015 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 00.59 बजे पहुंचकर 01.01 बजे प्रस्थान करेगी। रक्सौल से 03 मार्च से चलने वाली 14016 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 18.56 बजे पहुंचकर 18.58 बजे प्रस्थान करेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 09 मार्च से चलने वाली 15267 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 17.41 बजे पहुंचकर 17.43 बजे प्रस्थान करेगी। रक्सौल से 04 मार्च से चलने वाली 15268 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस मेहसी स्टेशन पर 04.38 बजे पहुंचकर 04.40 बजे प्रस्थान करेगी।

## सड़क जाम करने पर 21 चालकों पर लगा जुर्माना

**लखनऊ।** अवध बस डिपो, कैसरबाग डिपो, और आलमबाग बस डिपो के बाहर परिवहन निगम की बस आड़ा-तीरछा खड़ा होने से भीषण जाम लग जाता है। ऐसे में निगम के अधिकारियों ने जाम लगाने वाले बस को पकड़ने के लिए जिम्मेदारी तय किया है। शनिवार को कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक बसों का चलान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ क्षेत्र के अलावा गैर डिपो से आने वाली बसों के ड्राइवरों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इनमें अनुबंधित बस के चालकों की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। 32 बस ड्राइवरों पर जो जुमार्ना लगा है, उनमें 21 बस चालक अनुबंधित बसों के मिले है। ऐसे 32 रोडवेज बस ड्राइवरों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से लगातार बस अड्डे के आसपास दौरा करते हुए सड़क पर बसों की पार्किंग पर 200 रुपये से 2000 रुपये तक जुमार्ना लगाकर वेतन से वसूला जा रहा है। यह जुमार्ना फरवरी माह में चारबाग, कैसरबाग, आलमबाग और अवध बस स्टेशन के बाहर बसों के ठहराव करने पर लगा है। इसके लिए रोडवेज की ओर से यातायात निरीक्षकों की तैनाती की गई है। जहां गैर डिपो की बसें लखनऊ आकर सड़क पर बसों की पार्किंग करने से जाम और हादसे को बढ़ावा दे रहे है। जनवरी माह में मंडलायुक्त ने अवध बस स्टेशन का दौरा किया था। इस दौरान सड़क पर ट्रैफिक जाम की वजह बन रहे बस ड्राइवरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक को दिए थे।

## ऐशबाग सहित अन्य क्षेत्रों की रहेगी बिजली गुल

**लखनऊ।** तालकटोरा, बुलाकी अड्डा सहित अन्य क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जर्जर तार और पुराने खंम्भे बदलने के कारण बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। विक्टोरिया फीडर के तहत क्षेत्र में जाने वाली सप्लाई को बंद रखा जायेगा। इसके साथ ही चिनहट डिवीजन के गोमतीनगर विस्तार, सुलभ आवास सेक्टर-6 और मलेसेमऊ सहित अन्य जगहो की बिजली सप्लाई सुबह 11 बजे से शांम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली**

पत्रांक : 959/न.पा.परि.रा./ सा.प्रशा. (ईओ)-निर्माण ई-टेण्डर/2023 दिनांक : 01.03.2024

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्र सं.-954/न.पा.प.रा./पीडब्लयू (ईओ)-ई-टेन्डरिंग /15वां वित्त/2023-24 दिनांक 29-02-2024 द्वारा 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत कुल 28 अदद् निर्माण कार्यों की निविदा का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में कराया गया था। जिसमें निविदा आंमत्रण की तिथि 01-03-2024 से 14-03-2024 समय 11.00 पूर्वान्ह तक निर्धारित की गयी है, जो दिनांक 14-03-2024 को समय 12.00 बजे खोली जानी है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अल्पकालीन ई-निविदा सूचना के माध्यम प्रकाशित 28 कार्यों की निविदा सूचना में रू. 10.00 लाख तक के कार्यों की निविदा दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 समय पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 07.03.2024 को समय 12.00 खो जायेगी। उक्त के अतिरिक्त रू.-10.00 लाख से अधिक के कार्यों की निविदा की तिथि यथावत रहेगी। निविदा में उपरोक्त संशोधन पड़ा जायें। अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

(शत्रोहन लाल सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

# जाम से बिगड़ी बुद्धेश्वर चौराहे की सूरत





**लखनऊ।** सरकार जाम से निजात दिलाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। लेकिन बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले आटो, टेंपो, ई-रिक्शा से बुद्धेश्वर चौराहे की सूरत बिगाड़ रहे हैं। चौराहे पर पूरे दिन यातायात व थाने की पुलिस टीम मौजूद रहती हैं, परंतु कोई कार्रवाई नहीं होती है। लोगों को रोजाना जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। चौराहे पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी सिर्फ अभियान के दौरान कार्रवाई करते हैं यहां पर ना तो यातायात नियमों का पालन होता है ना ही पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं।

बुद्धेश्वर चौराहा शहर के प्रमुख चौराहा में शामिल है इस चौराहे पर प्रतिदिन बांगरमऊ, उन्नाव, कानपुर एवं शहर के अंदर जाने के लिए जाने के लिए हजारों गाड़ियां गुजरती हैं। यहां पर कई घंटे जाम लगा रहता है। जाम का एक मुख्य कारण बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन एवं अवैध बस स्टैंड मुख्य कारण है। जिससे रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। ई रिक्शा चालक ज्यादातर उलटी दिशा में निकलते हैं। मनमाने ढंग से ही बीच रोड पर सवारियां उतरते हैं और भरते हैं जो जाम का मुख्य कारण है। चौराहे पर ठेले व अन्य दुकानों ने अतिक्रमण कर रखा है मुख्य सड़क पर ठेले वाले अपनी दुकान लगाते हैं। इससे लोगों व कांवरियों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में टी एस आई राहुल कुमार वर्मा ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम जोन 6 के अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है मंगलवार व बुधवार को नगर निगम के द्वारा अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। जिससे आम जनमानस को जाम जैसी गंभीर समस्या से निजात मिलेगी।

संक्षेप

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया दुष्कर्म

**बरेली ।** इंस्टाग्राम की दोस्ती प्यार में बदली उसके बाद युवक नें शादी का बहाना बनाकर पीड़िता के साथ बलात्कार किया। अब युवक शादी सें इंकार कर रहा है। युवती ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना प्रेम नगर में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

थाना प्रेम नगर निवासी पीड़ित युवती का आरोप है कि इंस्टाग्राम पर बदायूं निवासी जुबेर सैफी पुत्र सलीम मियां से दोस्ती हुई। दोस्ती के बहाने सलीम युवती को घूमानें उत्तराखंड ले गया। जहां युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।युवती ने बताया कि इस दौरान युवक ने उसको झांसा दिया कि वह उससे शादी करेगा। शादी के बहाने युवक ने दो सोने के कड़े,झुमके,और अंगूठी पीड़िता से लेकर रख ली।पीड़िता ने जब युवक सें अपनी चीजे वापस मांगी तो युवक ने जान से मारने की धमकी दी।वही युवती ने इसकी जानकारी जब जुबेर के घर वालों को दी तो घर वालों ने गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना प्रेम नगर में मुकदमा पंजीकृत कराया।

# रामलला के दर्शन कर भावविभोर हुई गुजरात सरकार





**अयोध्या।** गुजरात के सीएम भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल शनिवार को श्रीरामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। 25 सदस्यीय डेलिगेशन सुबह महर्षि

**● गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन- पूजन**

वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचा ।योगी सरकार के मंत्री ने किया स्वागत योगी सरकार में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ से शैलेंद्र कोरी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व उनके कैबिनेट मंत्रियोंए अधिकारियों को माला पहनाया एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुजरात प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक.चौबंद इंतजाम किए गए थे।

गुजरात के ब्ड भूपेंद्र पटेल ने कहा ष्मुझे मेरे मंत्री परिषद के सभी सदस्यों के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए बहुत ही भावुक और श्रद्धापूर्ण है।श्‍ उन्होंने कहा ष्विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या मंदिर में प्रभु श्रीराम चंद्र जी का औलौकिक प्राण प्रतिष्ठा देश में नए काल चक्र का उद्घोष है। इतना ही नहीं अगले एक हजार वर्ष के लिए रामराज्य की स्थापना का यह संकल्प भी है।राम मंदिर भारत की दृष्टि के दर्शन का मंदिर बन गया है। सही अर्थों में यह मंदिर राष्ट्र के चेतना और नव जागरण का मंदिर बना है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का समारोह राष्ट्र उत्सव के रूप में मनाया गयाए जो एक नए युग की शुरूआत है।हर एक हिंदू का संकल्प था कि अयोध्या में में राम मंदिर का भव्य निर्माण होना चाहिए। आज यह पूर्ण हो गया है।

**गुजरातियों के लिए अयोध्या में बनेगा यात्री निवास**

सीएम भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा कि देश भर से लाखों श्रद्धालु राम मंदिर में प्रभु के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं।हमारी सरकार में गुजरात के यात्रियों के लिए विशेष आस्था ट्रेन शुरू की हैए जिसके माध्यम से हजारों लोगों को रामलला का दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए यात्री निवास बनाने का निर्णय लिया गया है।

इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अयोध्या में भविष्य में निर्मित होने वाले यात्री भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद करता हूं।

## संदिग्ध सरकारी दुकानों का किया निरीक्षण




**बाराबंकी।** आगामी त्यौहारो व लोकसभा निर्वाचन पर सक्रिय शराब माफियाओ के खिलाफ आबकारी विभाग ने धड़-पकड़ तेज कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व मे चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने राजस्व को चूना लगाने वालों के खिलाफ अभियान को गति देते हुये हाइवे से गुजरने वाले टैकरो, संदिग्ध गांवो, समेत ढ़ाबो पर सघन चेकिंग की। इसके साथ ही टीम ने विदेशी मदिरा दुकान बहरेला नहर, देवीगंज, पटखनपुरवा, देशी शराब दुकान इमलिहा, देवीगंज, बहरेला नहर, मानपुर चैराहा, पटखनपुरवा, बीयर दुकान देबीगंज आदि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्यूआरकोड़ के माध्यम से शराब की गुणवत्ता को जांचा।तथा पत्रावलियो की जांच कर स्टाक का मिलान करवाया।

## भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने लगायी चौपाल




**बाराबंकी।** विकासखण्ड निन्दूरा के ग्राम पंचायत अनवारी में मुख्य अतिथि भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता मे ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल मे भाजपा सांसद ने लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार का सपना है कि गांव के गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं का विकास होगा। तभी देश 2047 तक विकसित हो पायेगा। इसके उपरान्त सांसद श्री रावत ने पात्र व्यक्तियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण कराया। तथा गाँव मे रास्ता न होने पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्माण करवाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रदीप रावत, विनय मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी संतोष सिंह, विशाल सिंह, प्रमोद रावत, नितिन मौर्य, विनय शुक्ला, ओमप्रकाश, सरवन रावत, सतीश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारीः डीएम



**बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार मे जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग से 22, पुलिस विभाग से 15, विकास विभाग से 26, विद्युत विभाग से 4, पूर्ति विभाग से 16, अन्य विभाग से 22, कुल 105 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये।मौके पर 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियो की शिकायतो को सुनकर सम्बधित अधिकारियो को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्डवाल, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत-मोदी की गारंटी अभियान की शुरूआत

अयोध्या। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विकसित भारत.मोदी की गारंटी अभियान की शुरूवात की गई। लोक सभा क्षेत्र में अभियान के तहत दो एलईडी रथों का संचालन किया जाएगा।जिसमें रखी जनकांक्षा पेटिका में जनता से सुझाव मांगेगे।अभियान के तहत मिलने वाले महत्वपूर्ण सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी।रथों का संचालन सभी ब्लाक तथा ग्रामों किया जाएगा। इस दौरान प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प 2047 के तहत भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है।विगत 10 सालों में मोदी सरकार ने समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया है।गरीब कल्याण के तहत आवासए बिजलीए हर घर नल हर घर जलए विधवा पेंशन बढानें तथा किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया।वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट के माध्यम से कुटीर उद्योगों को बढावा दिया है।देश भर के आस्था के केन्द्रों के विकास का कार्य हुआ है। जनअपेक्षाओं के अनुरूप 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में जनभावनाओं के अनुरूप राम मंदिर बनाने का कार्य हुआ है। विध्यवासिनी धाम से अयोध्या फोर लेनए प्रयाग से सुल्तानपुर फोर लेन बन रही है।सुल्तानपुर से अयोध्या फोर लेन का कार्य जल्द प्रराम्भ हो जाएगा। अयोध्या रिंग रोड का टेडर हो चुका है। जल्द काम शुरू होगा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पुर्ननिर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। अयोध्या को सुन्दर बनाना मोदी सरकार का सपना है। इसके लिए अयोध्या का समग्र विकास किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत के गौरव को बढाया है।सपने नीचे तक उतरे है तथा पूरे हुए है।भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए पार्टी व सरकार संकल्पित है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जनकांक्षा पेटिका में जनता के सुझावों को विभिन्न माध्यमों से केन्द्रीय कार्यालय भेजा जाएगा। जिसमें से महत्वपूर्ण व जनकल्याण से जुडे.सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा।प्रेस कान्फरेंस के दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठीए लोक सभा चुनाव संयोजक डॉण बीबी मणि त्रिपाठीए डा बीडी द्विवेदीए सूरज सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। जनकांक्षा पेटिका में सुझाव पत्र डाल अभियान की हुई शुरूवात

पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा पदाधिकरियों तथा कार्यकताओं ने अपने.अपने सुझाव जनकांक्षा पेटिका में डाले।इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंहए पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादलए कमला शंकर पाण्डेयए ओम प्रकाश सिंहए पत्रिपाठीए तिलकराम मौर्याए कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नूए बब्लू मिश्र ने सुझाव पेटिका में डाला।इस दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कचहरी पर चोरों ने दुकानों में किया हाथ साफ

**बरेली ।** कचहरी पर बनी दुकानों पर चोरों की नजर पड़ गईं जिसके बाद चोर हजारों का सामान लेकर रफू चक्कर हो गए। सुबह दुकानदारों नें जब दुकान खोली तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। दुकानदारों ने चोरी की कोतवाली में शिकायत की है।कोतवाली क्षेत्र सें सटे कचहरी चौराहे पर दो फोटो स्टेट दुकान में चोरी हो गई जिसमें हजारों का सामान चोरी हो गया। चोरों ने कलेक्ट्रेट के अंदर से पीछे टीन काटकर अंदर घुसकर हाथ साफ किया।जब सुबह दुकान मालिक दुकान खोलने आया तो सामान और कुछ नगदी गायब मिली।

जानकारी के मुताबिक कचहरी पर किला निवासी मनोज की दुकान है वही पास में जोशी की दुकान है जोशी की दुकान से दस हजार वही मनोज की दुकान से सें 1500 रुपए के साथ सामान भी गायब है।दोनों दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। की रिकॉर्डिंग के जरिए चोरों की तलाश कर रही है।

## जिला अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट के बाहर की लिखी दवाओं का पर्चा वायरल

**अयोध्या।** जिला अस्पताल अयोध्या में गरीबों और मजलूमों का शोषण रुकने का नाम नही ले रहा है।इलाज के नाम पर बाहर की दवाइयां लिखकर मरीजों को आर्थिक चोट पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है।जबकि प्रदेश की योगी सरकार व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टरों को बाहर की दवाइया न लिखने का फरमान पहले ही जारी कर चुके है ।ताजा मामला जिला अस्पताल के ओपीडी 16 नंबर में बैठने डॉक्टर का सामने आया है।

डॉक्टर पर आरोप है कि मामूली बीमारी में भी साहब बाहर की कमीशन वाली हजारों की दवाएं गरीब मरीजों को न लिख दे तब तक उन्हें चैन नही मिलता है। 16 नम्बर वाले डॉ साहब पर मरीजों का जबरदस्त शोषण करने का गंभीर आरोप लगा हैबता दे की 16 नम्बर ओपीडी में बैठने वाले डॉ विनोद सिंह का बाहर का लिखा परचा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मीडिया में आने के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ एमपी गुप्ता ने डॉ विनोद को कारण बताओं नोटिस तक जारी किया है।

## भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने की प्रेस वार्ता



**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी से और क्या चाहती है। इसके लिए बीजेपी लोकसभा चुनावों के लिए सुझाव पेटी लोगों के बीच रखेगी। इन पेटियों में बीजेपी को लोग सुझाव दे सकते हैं। और इन सुझावों के आधार पर ही पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। उक्त उद्गार पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता मे भाजप सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर को लांच करते हुये कही। प्रेस वार्ता मे भाजपा सांसद श्री रावत ने आगे बताया कि अभियान के जरिए पार्टी का मकसद है कि हर आम व्यक्ति के सुझाव लेना है। जिले में दो एलईडी प्रचार वाहन 3 मार्च से 15 मार्च तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। प्रत्येक प्रचार वाहन पर सुझाव पेटिका रखी होगी। जिसमे आमजन अपने सुझाव दे सकेंगे। इस अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही नुक्कड़ सभाओं, संगोष्ठी एवम संवाद कार्यक्रम आयोजित करके पार्टी सुझाव एकत्रित करेगी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, नवीन राठौर मौजूद रहे।

# चौड़ीकरण की भेंट चढ़ गया सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी चौराहा

**अयोध्या।** रामनगरी की प्राचीन सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के चौराहे का अस्तित्व कुछ महीने पहले हुए रामपथ निर्माण के दौरान मिट गया। नियमित दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु व भक्त हनुमानगढ़ी चौराहे से ही आते.जाते थेए लेकिन अब इस चौराहे

**● दो फीट ऊंचे डिवाइडर को कूद फांदकर सड़क पार करते हैं श्रद्धालु**

पर डिवाइडर बना दिया गया है। श्रद्धालु व स्थानीय नागरिक करीब दो फीट ऊंचे डिवाइडर को कूद फांदकर सड़क पार करते हैं। आए दिन लोग यहां गिरकर जख्मी भी होते हैं। बताया गया कि यह चौराहा करीब पांच सौ साल पहले निर्मित किया गया था ।रामनगरी अयोध्या में इन दिनों भक्तों का मेला लगा हुआ है। रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन.पूजन के लिए उमड़ते हैं। भीड़ का दबाव अधिक होने से यातायात व्यवस्था भी फेल हो चुकी है। कई स्थानों पर अनियोजित निर्माण के चलते भी श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास बताते हैं कि जब से हनुमानगढ़ी हैए तब से हनुमानगढ़ी चौराहा है।

इस चौराहे से हनुमानगढ़ी में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करना आसान होता थाए लेकिन अब चौराहे का अस्तित्व ही मिट गया है। दंतधावन कुंड तिराहे से आगे बढ़ने पर बाईं ओर का रास्ता हनुमानगढ़ी की तरफ जाता है। दाईं तरफ तुलसी स्मारक भवन से रामघाट की ओर जाता है। बीच में डिवाइडर बन गया है। ऐसे में हनुमानगढ़ी की ओर श्रद्धालुओं को जाने में दिक्कत होती है। स्थानीय दुकानदार भी प्रभावित हैंए क्योंकि श्रद्धालु इधर कम जाने लगे हैं ।प्राचीन चौराहे का अस्तित्व मिटाना उचित नहीं

हनुमंतलला के रोजाना दर्शन करने वाले अधिवक्ता सुधांशु बाजपेयी बताते हैं कि उनका घर शहीद गली में स्थित है। वे रोजाना शाम को हनुमानगढ़ी व कनक भवन के दर्शन करने पैदल जाते हैं। हनुमानगढ़ी चौराहे से सीधे हनुमानगढ़ी जाना आसान होता था। अब यहां डिवाइडर बन गया हैए कूदकर जाना पड़ता है। इससे परेशानी होती है। प्राचीन चौराहे का अस्तित्व मिटाना उचित नहीं है ।कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटनाहनुमानगढ़ी चौराहे से मात्र 50 कदम की दूरी पर क्लीनिक चलाने वाले आयुर्वेदाचार्य डॉ.आनंद उपाध्याय कहते हैं कि जब हनुमानगढ़ी में भीड़ बढ़ती है तो इसी वैकल्पिक रास्ते से हनुमानगढ़ी चौराहे की ओर ही निकाला जाता है। अब चौराहे पर डिवाइडर बना दिया गया है। ऐसे में इस रास्ते पर श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ जाता है। आए दिन डिवाइडर पार करने के चक्कर में श्रद्धालु गिरते हैंए कभी भी बड़ी घटना हो सकती है ।भीड़ नियंत्रण के लिए हुआ चौड़ीकरणसहादतगंज से नयाघाट तक 13 किलोमीटर के मार्ग को रामपथ के रूप में विकसित किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए सड़क चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया था। पहले यह सड़क करीब 40 फीट चौड़ी थी। अब 80 फीट हो गई है। हनुमानगढ़ी चौराहा भी संकरा था। सड़क चौड़ीकरण के दौरान सहादतगंज से नयाघाट तक बीच में डिवाइडर बनाए गए हैं। प्रमुख चौराहों को खोला गया हैए लेकिन हनुमानगढ़ी चौराहे पर डिवाइडर की रेखा नहीं खोली गई ।रामनवमी से पहले अयोध्या के यातायात प्लान पर फिर से मंथन किया जाएगा। आवागमन सुचारु होए इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकें हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों व श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न होए इसके प्लान पर चर्चा हो रही है। प्लान में सभी प्रकार के बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। हनुमानगढ़ी चौराहे की समस्या भी जल्द दूर करा दी जाएगी।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर व्यापारी से 10 लाख की ठगी...

**बरेली ।** साइबर ठगो ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक कारोबारी से 10 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित कारोबारी के साथ शिकायत करने पहुंचे उद्योग व्यापार मंडल नें एसएसपी सें कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रेमनगर निवासी अमित कंचन उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल के उपाध्यक्ष है उनका प्रेम नगर क्षेत्र में डायग्नोस्टिक सेंटर चलाते है। साइबर ठग के रूप में मलेशिया से एक युवती का उनके पास फोन आया। जिसमें पीड़ित को एप इंस्टॉल के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने की बात कही गई। कारोबारी नें उस एप में रुपए इन्वेस्ट किये। कुछ दिन मुनाफा होने के बाद साइबर ठगों ने उन्हें निवेश के रकम दुगनी करने कों कहा। इसके बाद उसमें लॉगइन कराकर निवेश कराना शुरू किया।

## लापता रिक्शा चालक का शव दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर मिला

**बरेली ।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के रिठौरा की राजीव नगर कॉलोनी निवासी नेतराम उर्फ नितेश (45 वर्ष) का शव शनिवार को शहर के इज्जत नगर थाना क्षेत्र की अहलादपुर चौकी के पास मिला है। वह घर से तीन दिन से लापता थे। उनके परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उनके चेहरे पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। हालांकि, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जिसके चलते पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। यहजमीनी विवाद में हत्या की आशंका मृतक के दामाद उमेश ने बताया कुछ साल पहले उनके ससुर ने गांव के एक व्यक्ति की जमीन बिकवाई थी। जिसके आरोपी के परिजन ससुर से रंजिश मानने लगे। उन लोगों पर ही हत्या करने की आशंका जताई है ।मछली पहुचाने को आया था फोनमृतक के परिजनों ने बताया कि 28 जनवरी को नेतराम को एक मछली वाले ने मछली पहुंचाने के नाम पर फोन कर घर से बुलाया था। जिसके चलते वह घर से आए थे। मगर, उनका मोबाइल बंद हो गया।

# संतोष गंगवार का टिकट रुका, धर्मेन्द्र कश्यप घोषित

**बरेली।** शाम को सात बजे के आसपास टीवी पर भाजपा के टिकटों की घोषणा की गई। पहली लिस्ट में देश में 195 टिकट घोषित किए गए। बरेली वालों के लिए सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात थी झ बरेली से सांसद संतोष गंगवार के टिकट का घोषित नहीं होना। आठ बार के सांसद श्री गंगवार के पहली ही लिस्ट में नाम आने की उम्मीद थी मगर बरेली लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ। आंवला से सांसद धर्मेन्द्र कश्यप के नाम को घोषित कर दिया गया है। बरेली लोकसभा से अंदरखाने मौजूदा मेयर डा. उमेश गौतम भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं ।भाजपा की पहली सूची में लोगों को उम्मीद थी कि आठ बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार के नाम को घोषित कर दिया जायेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यहां पर नाम रोक लिया गया है। इसी के साथ यह चर्चायें भी शुरू हो गई हैं कि क्या बरेली लोकसभा पर भाजपा नौंवी बार सांसद संतोष गंगवार को ही मौका देगी या फिर किसी नए नाम पर दांव लगायेगी। मौजूदा मेयर डा. उमेश गौतम एक मजबूत दावेदार बताये जा रहे हैं। मेयर समर्थक उनका टिकट पक्का मानकर चल रहे हैं। इसके अलावा लखनऊ के एक बड़े कुर्मी नेता का नाम भी बरेली की सीट को लेकर उछला है, लेकिन अभी तस्वीर साफ नहीं है। सांसद संतोष गंगवार की उम्र को लेकर भी कयास लगाये जा रहे थे मगर उत्तर प्रदेश में मथुरा से हेमा मालिनी के टिकट घोषित होने से साफ हो गया कि उम्र की सीमा को ऊपर नीचे भी किया गया है। रिकार्ड के मुताबिक फिल्म स्टार व सांसद हेमा मालिनी की जन्म तिथि 16 अक्टूबर 1948 है तथा सांसद संतोष गंगवार की जन्मतिथि एक नवंबर 1948 है यानी संतोष गंगवार हेमा मालिनी से उम्र में करीब 15 दिन छोटे हैं। फिर भी उनका टिकट रुक जाना उनके समर्थकों को चौंका रहा है। हालांकि सांसद समर्थक यह मान रहे हैं कि दूसरी लिस्ट में संतोष गंगवार का नाम घोषित हो जायेगा ।आंवला से भाजपा ने अपने परखे हुए प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप पर ही दोबारा से दांव लगाया है। टिकट की घोषणा के साथ ही धर्मेन्द्र कश्यप लहर दौड़ गई। उनका मुकाबला सपा कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी नीरज मौर्य से होगा।

### बोले सांसद धर्मेन्द्र कश्यप- अबकी बार तीन लाख पार

बरेली। भाजपा का प्रत्याशी घोषित होने पर अपने समर्थकों के बीच घिरे सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने नया नारा दिया है झ अबकी बार, तीन लाख पार। उन्होंने अपने समर्थकों से तीन लाख से ज्यादा की लीड से चुनाव जिताने का आह्वान किया है। बातचीत में श्री कश्यप ने कहा कि सपा के प्रत्याशी को कोई जानता ही नहीं है। सपा और कांग्रेस ने इस सीट से जलालाबाद शाहजहांपुर के विधायक रहे नीरज मौर्य को उतारा है। सांसद श्री कश्यप का कहना है कि उनको आधी से ज्यादा सपा और कांग्रेस भी चुनाव लड़ा रही है। सपा प्रत्याशी ने बड़ी संख्या में अपने क्षेत्र में एससी झ एसटी, यादवों व ब्राह्मणों पर मुकदमें लिखाये थे, लोगों को प्रताड़ित किया था। अब नीरज मौर्य के सताये हुए लोग भी उनका चुनाव लड़ाने के लिए आंवला पहुंच रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि मोदी जी और योगी जी के विकास के मंत्र और सुशासन को देखते हुए जनता का मन चुका है।

### भाजपा ने घोषणा पत्र की तैयारी की शुरू जनता से मांगे सुझाव

**बरेली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने घोषणापत्र के लिए भी जनता से सुझाव मांगे हैं ।चुनावी घोषणा पत्र के जरिये भाजपा आम जन तक पकड़ मजबूत करने में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत कर एक करोड़ लोगों से सुझाव मांगेगी।इस बीच ब्रज प्रांत के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य नें पार्टी कार्यालय पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि बीती 27 फरवरी से 15 मार्च तक 500 लोकसभा क्षेत्र में एलईडी रथ द्वारा छोटी-छोटी सभाएं आयोजित की जाएगी। जिसमें बीजेपी 2047 तक विकसित भारत कैसे बने इसको लेकर सुझाव ले रही है।वही दुर्ग विजय सिंह शाक्य ने कहा कि पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जनता के सभी वादे पूरे किए हैं।

इस दौरान पार्टी कार्यालय पर मौजूद पूर्व सांसद संतोष गंगवार नें कहां मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का सभी वर्गों को लाभ दिया। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने मीडिया को बरेली में चल रही योजनाओं की जानकारी दी।वही आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार को परिलक्षित करते हुए केंद्र सरकार जनहितकारी काम रही है।उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से मुद्दे रहेंगे।

# डॉ.अजीज कुरैशी के आदेश के बाद भी अभियोजन निदेशक की नियुक्ति नहीं

लखनऊ/देहरादून।उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीज कुरैशी उत्तराखण्ड प्रांत में दण्ड प्रक्रिया संहिता(संशोधन) अधिनियम 2005 की

**पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय ने की थी मांग**

धारा 25(अ) को लागू कराने के लिए सतत प्रयत्नशील रहे तथा उसके लिए राज्य सरकार को आदेशित और निर्देशित करते रहे। वे अत्यंत साहसी व विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।डॉ. अजीज कुरैशी ने राज्यपाल रहते हुए अपने विधिक तथा संवैधानिक दायित्वों का अक्षरशः पालन किया। इससे भारत के संविधान, राष्ट्रपति की आज्ञा, उच्चतम-न्यायालय की व्यवस्थाओं (निर्णयों) का मान बढ़ा ही, दंड प्रक्रिया संहिता की स्पष्ट अवमानना पर उत्तराखण्ड में पहली बार प्रहार भी हुआ ।उन्होंने स्पष्ट आदेश दिया था कि दंड प्रक्रिया संहिता(संशोधन) अधिनियम 2005 की धारा 25(अ) के अनुसार,पुलिस का अधिकारी अभियोजन का कार्य नहीं करेगा।उत्तराखंड में अभियोजन का कार्य तब तक पुलिस अधिकारी ही कर रहा था।


विषय : अभियोजन निदेशक के पद ... जाने के सम्बन्ध में।
माननीय मुख्यमंत्री जी,
सादर,
श्री विजय बहुगुणा
माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
देहरादून।

राज्यपाल रहते हुए डॉ. अजीज कुरैशी ने अपने देहावसान की तिथि 1 मार्च 2024 से ठीक 10 वर्ष 11 माह 17 दिन पहले 13 मार्च 2013 को इस पर संज्ञान लेते हुए कड़ा निर्णय लिया। अफसोस की बात है कि तब से अब तक पांच मुख्यमंत्री बदल गये लेकिन उत्तराखण्ड में निदेशक अभियोजन के पद पर गैर पुलिस अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गयी है। डॉ. अजीज कुरैशी के देहावसान पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके संवैधानिक आदेश का उत्तराखण्ड सरकार पालन करे। चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय प्रख्यात न्यायविद हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के पारिवारिक प्रपौत्र हैं। उन्होंने दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम 2005 की धारा 25(अ) का विषय राज्यपाल के संज्ञान में लाने काकाम किया था। इस पर राज्यपाल ने संज्ञान भी लिया था और निदेशक अभियोजन की नियुक्ति के निर्देश भी दिए थे लेकिन आज भी उनके आदेश पर अमल नहीं हो सका है।

संक्षेप

## पोखरी में उतराता मिला शव

**आजमगढ़।** रानी की सराय थाना क्षेत्र के कोटिला स्थित नहर के समीप पोखरी से शनिवार को पुलिस ने उतराया हुआ शव बरामद किया। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुट गई रानी की सराय थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित कोटिला बाजार के नहर के समीप स्थित पोखरी में शनिवार को दिन में 11 बजे उतराये हुए शव को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि शव देखने से एक सप्ताह पूर्व का लग रहा है। आशंका है शौच के बाद पोखरी में गया होगा फिसल जाने से पानी में चला गया होगा। पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट होगा। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

## मौसम फिर बदला हवाओं ने बढ़ायी ठंड

**आजमगढ़।** करीब एक सप्ताह बाद अचानक शनिवार को मौसम फिर से बदल गया। सुबह से ही धूप के बीच आसमान पर बादल मंडरा रहे हैं। कुछ जगहों पर हल्की बूंदा बादी भी हुई। पछुआ हवा चलने से ठंड बढ़ गयी है। पिछले पांच दिनों से धूप निकलना शुरू हुआ तो कड़ाके की ठंड धीरे-धीरे कम होती चली गयी। लगातार धूप निकलने से दिन में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गयी। शुक्रवार को पूरे दिन मौसम गर्म रहा। शनिवार को सुबह से ही अचानक मौसम परिवर्तित हो गया। धूप के बीच आसमान पर बादल मडराने लगे। इस बीच कुछ जगहों पर हल्की बूंदा बादी भी हुई। पछुआ हवा के चलने से अचानक ठंड बढ़ गया। बारिश व ओला पड़ने की संभावना को लेकर किसानों की धुकधुकी बढ़ गयी है।

## डे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ

**आजमगढ़।** देवगांव स्पोटिंग क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार की रात दो दिवसीय डे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट स्टेट बैंक के पीछे नंदापुर देवगांव में शुरू हुआ। देवगांव स्पोटिंग क्लब कमेटी के अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मैच में 32 टीमें प्रतिभाग करेंगी। फाइनल विजेता टीम को ट्राफी व 10 हजार रुपए, रनर अप टीम को ट्राफी व 5 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज तीन हजार रुपए और मैन ऑफ द फाइनल मैच 1500 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। लालगंज ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष व नंदापुर देवगांव के प्रधान आनंद यादव ने फीता काट कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाघटन किया।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता ने की आत्महत्या

**मीजापुर।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत अंशु तिवारी पत्नी दीपक तिवारी उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा बयसुखिया थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर द्वारा रहस्यमय परिस्थितियों में शुक्रवार की रात्रिअपने घर के कमरे मे साड़ी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। मृतका की शादी दिनांक 20.05.2021 को हुई थी तथा मृतक का मायका ग्राम कुरकुटिया थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर में ही है। मौके पर मायके पक्ष केलोग भी उपस्थित रहे।

# ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**सोनभद्र।** ग्राम पंचायत बढ़ौली में स्थापित मॉडल उचित दर दुकानों का शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकार्पण एवं 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार मौर्या, सांसद के प्रतिनिधि सूर्यकान्त त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, जिला पूर्ति अधिकारी गौरी शंकर शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ए0आर0ओ0 पूर्ति विभाग रिपुसूदन आर्या, लाभार्थीगण व जनमानस ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। ग्राम पंचायत बढ़ौली में स्थापित मॉडल उचित दर दुकान का मंत्री द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किये, अपने सम्बोध में श्री गौंड़ ने ग्राम पंचायत बढ़ौली में स्थापित मॉडल उचित दर दुकान में ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन का शुभारंभ भी किये।

उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए दौरान मंत्री ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता के साथ हर गरीब के घर को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, प्रदेश में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, हर घर को नल से जल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है, उन्होंने कहा कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा पर लाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में कैम्प लगाकर हर व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है और जन-जन का विकास हो रहा है,

इस दौरान विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या ने भी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहाकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चैमुखी विकास हो रहा है, कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम का सफल संचालन साधना मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक प्रीतम कुमार तिवारी, स्टेनो पूर्ति कार्यालय राम सिंह, कोटेदार संतोष कुमार चैबे, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# उचित दर दुकान-अन्नपूर्णा भवनों का हुआ उद्घाटन

- **आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के विक्री की भी अनुमति**

**आगरा।** खाद्य तथा रसद विभाग, उप्र के तर्हत मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा राज्य मंत्री, खाद्य तथा रसद, उप्र, उप मुख्यमंत्री, उप्र, सांसद वविधायक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश की मॉडल उचित दर दुकान- अन्नपूर्णा भवनों का उद्घाटन लखनऊ से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण पूरे प्रदेश में नवनिर्मित मॉडल उचित दर दुकानों पर हर्षोल्लास के साथ किया गया, इसी क्रम में जनपद के ग्राम पंचायत बाईपुर, विकास खण्ड बिचपूरी, आगरा में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण कार्यक्रममहापौर हेमलता दिवाकर जी की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर जिलापूर्ति अधिकारी श्री संजीव कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उनमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत उन्हे मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जाना था, जिसके क्रम में जनपद के विकास खण्ड बिचपुरी में जनपद की उचित दर दुकान का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप आज लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि नव निर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) के माध्यम से पीएम वाणी के अन्तर्गत ब्राड बैण्ड एवं सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के विक्री की भी अनुमति प्रदान की गयी है। परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सीएससी कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउण्टर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था अन्तर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध है। जिलापूर्ति अधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद में पूर्व से ही ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री, उप्र सरकार के निदेर्शानुपालन में जनपद में ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की आपूर्ति की गयी है, जिनको उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध कराया गया है। जनपद में प्राप्त ई-पॉस मशीनें को अब ई-वेईंग स्केल से लिंक किया गया है, जिससे माह मार्च 2024 में कार्डधारकों को वितरण प्रारम्भ किया जायेगा। ई-पॉस मशीनें, ई-वेईंग स्केल आपस में लिंक होने से कार्डधारकों को अनुमन्य मात्रा प्राप्त हो सकेगी।

# जॉब सेफ्टी एनालिसिस प्रतियोगिता आयोजित




**रेणुकूट(सोनभद्र)।** हिण्डाल्को में आयोजित किए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए इंस्टेंट जॉब सेफ्टी एनालिसिस प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के ट्रेनिंग सेंटर हाल में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों की चार टीमों ने भाग लिया जिसका संचालन शैलेन्द्र पाण्डेय एवं सुरेश शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत चारो टीमों को कारखाने के एक साइट पर ले जाकर निर्धारित जॉब का जॉब सेफ्टी का एनालिसिस कर उसका प्रेजेन्टेशन बनाकर निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य दिया गया। फिर टीमों द्वारा निर्णायक मंडल के प्रमोद उपाध्याय, तापस चैधरी, महेश मेघरे, किरन कुमार एवं कैलाश प्रधान के समक्ष बनाये गए जे.एस.ए. का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण के आधार पर युटिलिटी के अभय प्रताप सिंह, खुशबुद्दीन, राजेश कुमार सिंह व त्रिभुवन प्रसाद की टीम को प्रथम, अल्युमिना प्लांट के देवेश डाकुलगे, आयुषी कश्यप, राजेश सिंह व गिरधारी प्रसाद की टीम को द्वितीय तथा फैब्रिकेशन प्लांट के बी.डी. प्रजापति, प्रभात अग्रवाल, सुजीत गुहा व दिलीप दुबे की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान भारी संख्या में कर्मचारियों व अधिकारियों ने उपस्थित रह कर प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया।

## चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**जौनपुर।** जेसीआई क्लासिक के तत्वाधान में मां तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रशासन एवं यातायात प्रशासन के साथ मिलकर यातायात के नियमों से संबंधित एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें यातायात विभाग की तरफ से जी डी शुक्ला प्रभारी निरीक्षक यातायात एवं उनकी टीम जिसमें मोहम्मद आजम सुहेल सुरेंद्र तिवारी जी हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री जीडी शुक्ला ने कहा जान है तो जहान है इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें एवं हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करें। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन की तरफ से अनिल मौर्य प्रबंधक एवं मोतीलाल मौर्य प्रधानाचार्य ने बताया कि वे समय-समय पर अपने कॉलेज में आने वाले छात्रों को हेलमेट के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। संस्था अध्यक्ष रिचा गुप्ता ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन जनता के मित्र हैं वह उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं अतः हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। विद्यालय में संस्था द्वारा विद्यार्थियों के मध्य एक यातायात से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं सभी छात्रों ने यातायात के नियमों को पालन करने के लिए शपथ लिया। इस अवसर पर जौनपुर यातायात की तरफ से विद्यालय प्रशासन को यातायात संबंधित नियमावली भेंट की गई। संस्था के की तरफ से यातायात विभाग से आई टीम को सम्मानित किया गया।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सुनाई गयी सजा

**मीरजापुर।** थाना पड़री पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने से सम्बन्धित अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराये के परिणाम स्वरूप न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश मीरजापुर द्वारा आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10,000/- के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। घटना के संदर्भ में बताते हैं कि दिनांकः24.06.2016 को एक व्यक्ति द्वारा थाना पड़री पर नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर शादी की बात कर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा 3-4 माह का गर्भ होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर थाना पड़री पर मुअसं-302/2016 धारा 376(2)(ढ) भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसपी मीरजापुर द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नाबालिग के साथ दुष्कर्म की उपरोक्त घटना को प्राथमिकता देते हुए थाना पड़री पुलिस एवं मॉनीटरिंग पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए गुणवत्तापूर्ण तथा सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कराया गया। विशेष लोक अभियोजक-सनातन कुमार, विवेचक-पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह, पैरोकार-मुख्य आरक्षी जयकृष्ण यादव व कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी सुनीता व आरक्षी बिट्टू कुमार सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी की गयी। जिसके फलस्वरूप न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एवं अपर सत्र न्यायाधीश मीरजापुर संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा अभियुक्त अर्जुन माली पुत्र स्व0पारस माली निवासी पड़री थाना पड़री जनपद मीरजापुर को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10,000/- के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 3 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगताना होगा।

# पुलिस फायरिंग से दलित की मौत मामले में कांग्रेस का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन



**रायबरेली।** रामपुर में अनु0जाति के 17 वर्षीय लड़के सुमेश की उत्तर प्रदेश पुलिस की फायरिंग में मौत हो जाने और पुलिस द्वारा आनन फानन में अंतिम संस्कार किये जाने के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 5 सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को सम्बोधित, जिलाधिकारी को सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि रामपुर के सिलाइबरा गांव के एक पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर लगाने के विवाद में 10वीं की परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे 17 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जो दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में लगातार निर्दोष लोगों की हत्याए हो रही है और सरकार अपराध रोकने में असफल हो रही है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जस्टिस फॉर सुमेश के तहत पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी संघर्ष जारी रखेगी, उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी बेखौफ घूम रहे है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाये, घटना में गम्भीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपए, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, घटना में दोषियों को कड़ी सजा, एवं घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर अतुल सिंह, वी0के0शुक्ला, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, वीरेन्द्र यादव, अजीत सिंह, महेश शर्मा, नौशाद खतीब, मुन्ना घोसी, सर्वोत्तम मिश्रा, अभय सिंह, प्रमोद पांडेय, मो. हुसैन, सुनील कुमार, हाजी उस्मान, मनोज मिश्रा, अंकुर सिंह चैधरी, अरशद अली, सोनू खान, बाबू यादव, प्रवीण कुमार, अजमत अली, मो0 गौस, अनीस अंसारी, मोहम्मद मुश्ताक, विपिन कुमार, अंशुमान गांधी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मो. सलीम, जीतू तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## फोलिक एसिड से मानसिक बीमारियों से बचाव

**जौनपुर।** दुर्ग में शुक्रवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अगली पीढ़ी के जीवन के लिए जैविक परिवर्तनों और अनुप्रयोगष में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो वंदना राय व प्रो प्रदीप कुमार ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। कहा कि सही मात्रा में फोलिक एसिड का सेवन न केवल कई मानसिक बीमारियों बल्कि कैंसर से भी बचाता है व किसी भी एडिक्शन के लिए मनुष्य के जींस 50ः तक जिम्मेदार हो सकते हैं। प्रो. वंदना राय के ग्रुप ने सिजोफ्रेनि, डॉअन्स सिंड्रोम ओ सी डी के जीन पोलिमोर्फिसम् के रिस्क फैक्टर होने की संभावनाओं की उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में स्टडी की है। मस्तिष्क पर शराब के प्रभाव को मध्यस्थ करने में सेरोटोनिन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनोदशा, अनुभूति, इनाम, सीखना, स्मृति, और उल्टी और वाहिका संकीर्णन जैसी कई शारीरिक प्रक्रियाएं शामिल हैं। सेरोटोनिन एक रसायन है जो मस्तिष्क और आपके पूरे शरीर में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेश पहुंचाता है। सेरोटोनिन मूड, नींद, पाचन, मतली, घाव भरने, हड्डियों के स्वास्थ्य, रक्त के थक्क व अन्य कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेरोटोनिन का स्तर बहुत कम या बहुत अधिक होने से शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्रो. वंदना राय पिछले 25 वर्षो से भी अधिक समय से ऐसे कई जींस पर कार्य कर रही है।

# डीएम ने समस्याओं को सुना, अफसरों को निस्तारण करने के दिये निर्देश



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फारियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाली जन समस्याओं को गम्भीरता से सुनें तथा जन समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा कि पुनः शिकायत नही आनी चाहिए पुनः शिकायत प्राप्त होने के साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस तथा विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित जन समस्याए प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी दौरान डीएम ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय पर ही निस्तारण किया जा सके। तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 का शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए।

# आठ संस्कृत विद्यालयों की दशा सुधारने की पहल

**जौनपुर।** जिले में संचालित आठ संस्कृत विद्यालयों की दशा सुधारने की पहल शुरू हो गई है। छात्रों को प्रैक्टिकल के लिए प्रयोगशाला और पढ़ने के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सभागार भी बनाया जाएगा। डीपीआर बनाकर भेज दिया गया है। मरम्मत कार्य के लिए धन भी स्वीकृत कर दिया है। इन कार्यों पर खर्च होने वाले धन का पांच प्रतिशत स्कूल प्रबंधन को देना होगा, जबकि 95 प्रतिशत धन शासन से मिलेगा।

पहले चरण में आठ विद्यालयों का डीपीआर बनाकर शासन को भेजा गया है। शासन को जिन स्कूलों का डीपीआर भेजा गया है उनमें श्री राम जानकी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय तियरा बदलापुर, संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवढियां, श्री संकठा प्रसाद माध्यमिक संस्कृत विद्यालय पटखौली भदखिन रामपुर, माध्यमिक संस्कृत विद्यालय भैसहीं बालवरगंज, श्रीरामचंद्र संस्कृत विद्यालय मुंगराबादशाहपुर, श्री शिव संस्कृत विद्यालय बटेश्वरनाथ बरईपार, श्री महानंद संस्कृत माध्यमिक विद्यालय अमांव मधुपुर, नेहरू संस्कृत माध्यमिक विद्यालय वारी बरहता जौनपुर का डीपीआर भेजा गया है। इनकी अनुमानित लागत 25 लाख से 50 लाख तक भेजा गया है। शासन से धन स्वीकृत होने का इंतजार है। सहजिला विद्यालय निरीक्षक राजीव मिश्र के अनुसार जिले में कुल 68 संस्कृत विद्यालय हैं। इसमें से आठ विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए डीपीआर बनाकर शासन को भेज दिया गया है। धन स्वीकृत होने के बाद स्कूलों में निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**रायबरेली।** शनिवार को राही ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायमुगला में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं विश्वास संस्थान की तरफ से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में अधिकतर बच्चों ने अपने-अपने विज्ञान मॉडल के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सबसे बेहतर करके छात्र रंजीत कुमार और संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शमरीन और अनीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डाली और सोहनलाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के ही बच्चों की तरफ से बनाए गए मॉडल्स की सभी अतिथियों ने सराहना की। इस मौके पर बिरला कॉरपोरेशन से अभय, आशीष, धनराज माली, हेमंत, शिव गोविंद एवं विश्वास संस्थान से सुशील, प्रशांत, क्षमा की ओर से बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापिका निरुपमा बाजपेई एवं अध्यापिका नजमा परवीन की तरफ से सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रहमतुन, ग्राम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सम्मानित सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।




## बोर्ड परीक्षा केंद्र पर खामी से केंद्र व्यवस्थापक को हटाया

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के दौरान एक केंद्र पर खामी मिलने और केंद्र व्यवस्थापक द्वारा कोई जवाब नहीं दिए जाने पर परीक्षा नियामक आयोग के सचिव ने केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया। उनके स्थान पर नया केंद्र व्यवस्थापक तैनात कर परीक्षा पारदर्शी तरीके से कराने का निर्देश दिया। परीक्षा नियामक आयोग के सदस्य अनिल भूषण चतुवेर्दी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने निकले थे। उन्होंने मछलीशहर तहसील के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वह रामनिहोर इंटर कालेज सेमरिया पवांरा केंद्र पहुंचे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक सुधा यादव से जानकारी मांगी, लेकिन वह कुछ बता नहीं सकी। इस पर सचिव ने नाराजगी जताई। केंद्र व्यवस्थापक को हटाकर तत्काल उनके स्थान पर होरिल राव इंटर कालेज के प्रवक्ता विजय प्रकाश को नया केंद्राध्यक्ष नियुक्त कर दिया।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। बताते हैं कि दिनांकः27.02.2024 को थाना कोतवाली शहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-26/2024 धारा 3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण) अधिनियम के अभियोग में बड़ी कार्यवाही करते हुए दिनांकः 01.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा थाना कोतवाली शहर व पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त महेश सोनकर पुत्र दयाराम सोनकर निवासी विश्वकर्मा नगर, महुवरिया थाना कोतवाली शहर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# असहाय लोगों के लिए किया भण्डारे का आयोजन

जौनपुर। बाबा फजल शहीद हजरत जलालुद्दीन औलिया वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से भण्डारे का आयोजन करके गरीब, असहाय, लाचार लोगों को भोजन कराया गया। उक्त मौके पर सोसाइटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। गरीब असहाय लाचार लोगों के लिए सूफिया बुजुर्गो के नुस्खों साधना, योगा का प्रचार प्रसार आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों एवं होमोपैथी दवाओं का भारतीय सूफिया चिकित्सा सेवा केन्द्री कैम्पों के माध्यम तथा डाक्टरों के सहयोग से वितरण कर स्वास्थ लाभ पहुँचाने का भी संकल्प लिया गया। अध्यक्ष नवाब हसन ने कहा कि प्राचीन काल से दुनिया भर से दवा और दुआ का प्रचलन मौजूद है। सुफिया बुजुर्गो के विलुप्त हो रहे नुस्खों का सस्ते और निःशुल्क इलाज के लिए प्रचार-प्रसार होना चाहिए। उपाध्यक्ष मुन्नू ने कहा कि गरीब, असहाय लाचार लोगों की निःस्वार्थ रूप्से मदद करना ही सबसे बड़ी आराधना है। इनकी दुआ परमात्मा की वारगाह में जल्द कबूल होती है। जिससे बला टल जाती है। कार्यकम का समापन करते हुए प्रबन्धक गोनों कि वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना लागू करके हजारो-लाखों लोगो को आवास बनवा रही है। कालोनिया बनवाकर वेधर बालों को घर दे रही है। इतना ही नहीं निशुल्क खाद्यान्न का वितरण कर लाखों-लाखो लागी काट रही है। ऐसा सराहनीय कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुआ। हम उम्मीद है। वर्तमान सरकार सुफिया बुजुर्गों के विलुप्त हो रहे नुस्खों को भी अपने से जिन्दा रखे जिससे सबको निशुल्क स्वास्थ लाभ मिल सके। इसके बाद मुल्क के अमनो अमान की दुआखानी के साथ कार्यक्रम समाया कर दिया पर डॉ० बोरु, डा0 गफूर का मुन्नू आदि मौजूद रहे।

# समाज का हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों का शिकार

**रायबरेली।** सपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना, अन्याय एवं अनाचार की राजनीति करना है, भाजपा की गलत नीतियों के कारण ही आर्थिक संकट पैदा हुआ है, भाजपा लोकतांत्रिक मान्यताओं एवं राजनीतिक शुचिता पर हमला करती है, किसान नौजवान सहित समाज का हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों का शिकार है, दुःखी होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का कार्य करेंगे। बैठक में बोलते हुए विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि समाजवादियों को बाबा साहब के बनाए संविधान के अनुरूप चलकर देश एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए संघर्ष करना है। भाजपा राज में तानाशाही एवं गुण्डाराज चरम पर है। इस अवसर पर विधायक राहुल लोधी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में रायबरेली सहित सम्पूर्ण प्रदेश से भाजपा को हटाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट है। नवनियुक्त पदाधिकारियों सुरेश पटेल अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, फहीम अहमद अध्यक्ष लोहिया वाहिनी एवं अजय कुमार यादव अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने अपने मनोनयन से राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों पर जनपद में आन्दोलन एवं कार्यक्रमों के माध्यम से समाजवादी पार्टी को मजबूत करना ही एकमात्र उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मो. अरशद खान ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद, डी.पी. पाल, राजेन्द्र यादव, धनीराम मौर्या, वरिष्ठ नेता ओपी यादव, आफताब अहमद ह्यह्यरज्जू खानह्लह्ल, सुरेश निर्मल, कृपाशंकर यादव, शिवमूर्ति सिंह, विधान सभा अध्यक्ष जगदेव यादव, ब्रजेन्द्र चौधरी, राकशे यादव, योगेश्वर पटेल, छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, जिला सचिव राजेन्द्र यादव, बुधेंद्र सिंह, मुशीर अहमद, विनोद कुमार यादव, सुरेश पासी, सुरजीत सिंह, शिवबरन यादव, अरूण प्रताप यादव, शकील मंसूरी, वीरेन्द्र बहादुर, जेपी यादव डा. एमआई जावेद, राजीव गौतम, रामनेवाज यादव, शिवदुलारी यादव, सौरभ सिंह एडवोकेट, जगतपाल यादव, श्रवण कुमार चैधरी, अरविन्द निर्मल, नैय्यर इस्लाम, धर्मेन्द्र धाकड़, संदीप शुक्ला, विनायक सोनकर, रामू अनाड़ी, राजेश मौर्या ने भी बैठक को सम्बोधित किया। मासिक बैठक में अनुपम शुक्ला, सगीर अहमद, राम किशोर पुजारी, विनय यादव, रेहान अहमद, राजेन्द्र बहादुर, आशुतोष यादव, रिजवान, राजेश कुमार यादव, समर बहादुर यादव, भानू प्रकाश पटेल, विकास, घनश्याम, सचिन सोनकर, आदित्य सिंह, अखिलेश यादव, अंकित पटेल, मो0 कैफ, राजेन्द्र सिंह यादव, लक्ष्मीशंकर यादव, शैलेन्द्र यादव, राममनोहर निर्मल, फिरोज अहमद, अवधेश यादव, नन्हकऊ पासी, कमलाकर विक्रमादित्य, शोभनाथ वैश्य, रवीन्द्र सिंह, जीतेन्द्र यादव, अभिषेक बबलू, रामनरेश गौड़, अमरेश, चन्द्र प्रकाश आजाद, अमरेश यादव, करन लोधी, अमर लोधी, भारतलाल लोधी, लाल मोहम्मद, राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



# महाराष्ट्र में चुनावी शंखनाद करेगी भाजपा

## अमित शाह पांच मार्च को महाराष्ट्र में भाजपा की चुनावी बैठकों व रैलियां में लेंगे हिस्सा

एजेंसी

नागपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित चुनाव संबंधी बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पांच मार्च को महाराष्ट्र के अकोला, जलगांव और छत्रपति संभाजीनगर जाएंगे। पार्टी के प्रदेश इकाई के प्रमुख ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस साल अप्रैल या मई में लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि शाह मंगलवार सुबह 11 बजे अकोला में भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति और उसकी कोर समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें चंद्रपुर, बुलढाणा, अकोला, यवतमाल, वर्धा और अमरावती लोकसभा क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अकोला के बाद शाह जलगांव जाएंगे, जहां वह अपराह्न दो बजे युवाओं के सम्मेलन महा युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद पूर्व भाजपा प्रमुख शाम छह बजे छत्रपति संभाजीनगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि शाह के दौरे से एक दिन पहले भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा चार मार्च को नागपुर में 'नमो युवा सम्मेलन' में युवाओं को संबोधित करेंगे।




उन्होंने कहा, महाराष्ट्र से लगभग एक लाख युवा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बावनकुले ने कहा कि भाजपा युवाओं से भारत के विकास के उनके दृष्टिकोण के बारे में राय मांगेगी, जिसे भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# गौतम गंभीर ने राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने का नड्डा से किया अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि वह क्रिकेट संबंधी अपनी आगामी प्रतिबद्धताओं पर ध्यान दे सकें। पूर्वी दिल्ली से सांसद गंभीर ने उन्हें लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का आग्रह किया है ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मुझे लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं। जय हिंद।



गंभीर ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब भाजपा में ऐसी अटकलें हैं कि आगामी आम चुनाव में पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से उनके स्थान पर किसी और को टिकट दिया जा सकता है। भाजपा ने अभी दिल्ली में सात लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। पूर्वी दिल्ली सीट के लिए भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा, महासचिव हर्ष मल्होत्रा और प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल समेत कई लोगों को संभावित उम्मीदवार बताया जा रहा है। गंभीर के करीबी लोगों के अनुसार, वह इस बार भी पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार थे। हालांकि, उनके द्वारा अचानक लिए गए फैसले के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। सूत्रों ने दावा किया कि गंभीर ने बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष से मुलाकात की थी और शनिवार को सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट इस बैठक का नतीजा हो सकता है। इस कदम से कुछ घंटे पहले गंभीर ने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में अपने योगदान के रूप में भाजपा को अपने चंदे की रसीद की तस्वीर एक्स पर साझा की और सभी से इस अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया था।

संक्षेप

### असमिया की परिभाषा में बदलाव किया : हिमंत

गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असमिया की परिभाषा में बदलाव आया है और इसमें हिंदी भाषी तथा चाय बागान से संबंधी जनजाति जैसे सदियों से असम में रहने वाले लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असमिया लोगों को यह समझाने के लिए एक जन आंदोलन की जरूरत है कि समुदाय की पहचान को संरक्षित करने की आवश्यकता है। शर्मा आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को उल्फा शांति समझौते के तहत पुनर्वास अनुदान वितरित करने से संबंधित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया, असम के हालात, केंद्र सरकार की किसी नीति के कारण नहीं बल्कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण ऐसे हैं क्योंकि इसने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया है। जब जनगणना रिपोर्ट आएगी, तो असमिया लोग आबादी का लगभग 40 प्रतिशत ही होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असमिया की परिभाषा में बदलाव आया है और इसमें चाय बागान से जुड़ी जनजाति तथा हिंदी भाषी जैसे समुदाय शामिल होने चाहिए जो एक सदी से अधिक समय से यहां रह रहे हैं। शर्मा ने कहा कि भले ही असमिया लोगों की संख्या कम हो रही हो, लेकिन वे अपनी पहचान संरक्षित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं।

### शाम छह से खुला रहेगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान अब सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह उद्यान 31 मार्च तक जनता के लिए खुला है। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया, लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश - शाम पांच बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं। पहले, यह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे (अंतिम प्रवेश - शाम 4 बजे) के बीच खुला रहता था। इसके लिए राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट पर बुकिंग कराई जा सकती है। राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 12 के निकट स्वयं-सहायता कियोस्क के सुविधा केंद्र पर भी पंजीकरण कराया जा सकता है।

### सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से संरक्षण देने के बदले में शुल्क के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन के खिलाफ सीबीआई जांच के लिए मंजूरी दे दी है।

# सिल्क्यारा के नायक ने फिर ठुकरायी मकान की पेशकश

एजेंसी

नयी दिल्ली। ध्वस्तीकरण अभियान में अपना मकान खो चुके रैट-होल खनिक वकील हसन ने प्राधिकारियों द्वारा यहां दिलशाद गार्डन में एक मकान की एक और पेशकश अस्वीकार कर दी है। यह जानकारी हसन ने शनिवार को दी। हसन ने कहा, शुक्रवार रात, एक एसडीएम सहित चार सरकारी अधिकारी आए और मुझे दिलशाद गार्डन में एक मकान की पेशकश की, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया क्योंकि वे चाहते थे कि मैं अस्थायी आधार पर वहां स्थानांतरित हो जाऊं। उन्होंने कहा, यह लिखित में भी नहीं था। वह घर एक एनजीओ (गैर सरकारी संस्था) का है।

ध्वस्तीकरण के कुछ घंटे बाद, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के प्राधिकारियों ने हसन को नरेला में एक ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट में जाने की पेशकश की, जो उत्तरपूर्व दिल्ली में खजूरीखास से बहुत दूर है। हसन ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह "दूर और असुरक्षितै है। यह पूछे जाने पर कि वह दूसरे प्रस्ताव को क्यों अस्वीकार कर रहे हैं क्योंकि दिलशाद गार्डन दूर-दराज के नरेला के विपरीत खजूरीखास के पास स्थित है।

# आर्थिक विकास में भाजपा पीछे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार पर अर्थव्यवस्था के लिए स्पीड ब्रेकर होने का आरोप लगाया और कहा कि आर्थिक विकास के मामले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस के सामने कहीं नहीं ठहरती।

उन्होंने केंद्र सरकार पर उसे वक्त निशाना साधा है जब भारत की आर्थिक वृद्धि 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और उत्खनन एवं निर्माण क्षेत्रों द्वारा अच्छा प्रदर्शन बताया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया," संप्रग सरकार में तेज़ी से आगे बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नरेन्द्र मोदी स्पीड ब्रेकर बन गए हैं।



उन्होंने कहा, कांग्रेस ने गरीबों को मज़बूत कर विकास को गति दी, वहीं नरेंद्र मोदी चंद मित्रों के फायदे के लिए देश को खोखला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतियों में देशवासियों को आगे रखे बिना, देश का विकास असंभव है। राहुल गांधी ने दावा किया, झूठे प्रचार के विपरीत आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार कांग्रेस के आस-पास भी नहीं है। आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राहुल गांधी के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए आरोप लगाया, जब पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो प्रधानमंत्री मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं।

# पीएम मोदी का वाराणसी से चुनाव लड़ना प्रदेश के लिए गर्व की बात

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष व्यक्त करते हुए पीएम का प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी से लोक सभा चुनाव का प्रत्याशी बनने पर 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन। यह काशी समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। 'मोदी की गारंटी' पूरे देश में गूंजने जा रही है। आपके यशस्वी नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की पुनः ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित है। हर हर महादेव। इसके अलावा उन्होंने आगामी लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के लिए घोषित हुए सभी प्रत्याशियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुशासन, अंत्योदय और विकास को समर्पित 'राष्ट्रनीति' पर देश वासियों का अटूट विश्वास है।

> सीएम ने बीजेपी के सभी प्रत्याशियों को दी सुनिश्चित जीत की बधाई

# मेक इन इंडिया के सपने साकार करने में सरकार विफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मेक इन इंडिया के सपने को साकार करने में विफल रही। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े कुछ आंकड़ों का उल्लेख करते हुए यह दावा भी किया कि सरकार की तरफ से पूरी तरह निष्क्रियता देखी गई है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार मेक इन इंडिया को साकार करने में विफलउ विनिर्माण क्षेत्र में सरकार के कदमों को लेकर जोर-शोर से ढोल पीटने का शोर भी निषक्रिएता के कारण दब गया है। उन्होंने सवाल किया, पिछले दशक में भारत की जीडीपी में विनिर्माण द्वारा जोड़ा गया मूल्य 16 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत क्यों हो गया है? मोदी सरकार में औसत विनिर्माण विकास में गिरावट क्यों आई है? खरगे के मुताबिक, कांग्रेस-संप्रग के दौरान औसत विनिर्माण विकास दर 7.85 प्रतिशत थी, जो घटकर लगभग 6



प्रतिशत ही रह गई। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने 2022 तक विनिर्माण क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियों का वादा किया था। वे नौकरियां कहां हैं? पिछले 10 वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र में कार्यबल में गिरावट क्यों आई है? कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया," क्या यह सच नहीं है कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का अधिकांश हिस्सा शुरू होने में विफल रहा? प्रमुख क्षेत्रों के लिए धन का बड़े पैमाने पर कम उपयोग क्यों किया गया? उन्होंने दावा किया कि कपड़ा क्षेत्र में पीएलआई के 96 प्रतिशत कोष का इस्तेमाल नहीं किया गया तथा नवीकरणीय क्षेत्र में पीएलआई के लिए शून्य निधि प्रदान की गई।

उन्होंने सवाल किया, भारत के निर्यात में प्रतिशत वृद्धि जो कांग्रेस-संप्रग के दौरान 549 प्रतिशत थी, मोदी सरकार के दौरान घटकर केवल 90 प्रतिशत कैसे रह गई? उन्होंने यह भी प्रश्न किया, क्या यह भाजपा का नकली राष्ट्रवाद नहीं है जिसके कारण गलवान में 20 बहादुरों के बलिदान के बाद भी चीनी आयात में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई? खरगे ने कहा, भारत को मजबूत और समावेशी रोजगार सृजन की जरूरत है। नौकरी सृजनकर्ताओं की क्षमताओं को बढ़ावा देने और उच्च तकनीक नेटवर्क को जोड़कर उत्पादन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। विनिर्माण में मूल्यवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अतीत में केवल कांग्रेस पार्टी ने ही ऐसा किया है। अब केवल कांग्रेस पार्टी ही ऐसा करने में सक्षम है।

# अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा : सुप्रीम कोर्ट

## उच्चतम न्यायालय ने शीघ्र फैसला नहीं करने पर उच्च न्यायालय को लगायी फटकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।



अदालत ने कहा, "यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है क्योंकि नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। किसी नागरिक की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर शीघ्रता से निर्णय न लेना और मामले को किसी न किसी पर टाल देने से व्यक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। पीठ ने कहा कि उसे बंबई उच्च न्यायालय में ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं जिनमें जमानत और अग्रिम जमानत आवेदनों पर शीघ्रता से फैसला नहीं किया जा रहा है। पीठ ने ऐसे ही एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में अग्रिम जमानत की अर्जी पर चार वर्ष से अधिक समय तक फैसला नहीं किया गया।

## पेज एक का शेष

### गूगल ने

करेगी। वैष्णव ने कहा, मैंने पहले ही गूगल से बात की है, मैंने उन ऐप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

मंत्री ने कहा युवाओं और उद्यमियों की ऊर्जा को सही दिशा देनी चाहिए और इसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी की नीतियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे पहले गूगल ने शुक्रवार को कहा था कि कई जानी-मानी फर्मों सहित कई कंपनियां उसके बिलिंग मानदंडों का उल्लंघन कर रही हैं। ये कंपनियां बिक्री पर लागू प्ले स्टोर सेवा शुल्क का भुगतान नहीं कर रही हैं। गूगल ने चेतावनी दी थी कि वह गूगल प्ले पर ऐसे गैर-अनुपालन वाले ऐप को हटाने में संकोच नहीं करेगी। इसके बाद शुक्रवार को ही शादी डॉट कॉम, मैट्रिमोनी डॉट कॉम, भारत मैट्रिमोनी, बालाजी टेलीफिल्म्स का ऑल्ट (पूर्व में ऑल्ट बालाजी), ऑडियो मंच कुकू एफएम, डेटिंग सेवा क्वैक क्वैक और ट्रूली मैडली के ऐप प्ले स्टोर पर सर्च करने पर नहीं मिले। इंफो एज (इंडिया) लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसके ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है, लेकिन कुछ घंटों के भीतर कहा गया कि उनमें से कुछ ऐप को बहाल कर दिया गया है।

### सीएम ने

है। सीएम योगी शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जिलों में भूख से भी मौतें होती थीं। मगर, हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भूखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, मगर अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 से पहले यह असंभव था। गरीब को राशन मिल पाना दूभर था। इस प्रकार की बातों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी।

### योगी ने गोरखपुर

ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा उसे करके दिखाया और जो कहेंगे उसे करके दिखाएंगे। योगी ने यहां महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है और अब कोई प्रदेश को हेय दृष्टि से नहीं देखता। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम की परिकल्पना कभी अकल्पनीय थी लेकिन अब ये हकीकत है। मुख्यमंत्री ने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी से हर्ष और सौहार्द के साथ होली मनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है।

### मोदी वाराणसी

है। पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बी एल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले चरण के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 में वाराणसी और वड़ोदरा से चुनाव लड़कर दोनों जगहों से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने वड़ोदरा सीट छोड़ दी थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी ने वाराणसी से 4,79,505 मतों से जीत दर्ज की थी। साल 2014 में उन्होंने वाराणसी से 3,71,784 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। शाह ने 2019 में पहली बार गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़कर 5,57,014 मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी। राजनाथ सिंह 2014 से संसद में लखनऊ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले, वह गाजियाबाद से भी लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। पहली सूची जारी होने से पहले ही पूर्वी दिल्ली से सांसद व पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके बताया कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से चुनावी राजनीति से खुद को दूर रखने का अनुरोध किया है। सूची जारी करते हुए तावड़े ने कहा कि पार्टी को विश्वास है कि वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बड़े जनादेश के साथ वह तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी विभिन्न राज्यों में अपने पैर पसारने और उसे और मजबूत करने तथा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की पहली सूची में 28 महिलाएं और 47 युवा शामिल हैं, जबकि 27 उम्मीदवार अनुसूचित जाति से, 18 अनुसूचित जनजाति से और 57 अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।

### भाजपा ने यूपी

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), स्मृति ईरानी (अमेठी), रेखा वर्मा (धौरहरा) और नीलम सोनकर (लालगंज) अपने क्षेत्रों से तीसरी बार अपनी किस्मत आजमाएंगी। भारतीय जनता पार्टी ने संभल से परमेश्वर लाल सैनी, अमरोहा से कंवर सिंह तंवर और लालगंज में नीलम सोनकर को फिर से मौका दिया है। वहीं श्रावस्ती से विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र, नगीना (अजा) से ओम कुमार, अंबेडकरनगर से रितेश पांडेय और जौनपुर से कृपाशंकर सिंह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के नये चेहरे हैं। श्रावस्ती से साकेत मिश्र को पार्टी ने मौका दिया है, जो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं। भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर क्षेत्र में उप चुनाव में अपने जीते उम्मीदवारों को फिर से मौका दिया है। आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ और रामपुर से घनश्याम लोधी चुनाव मैदान में हैं।

### समीक्षा और

गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति जारी की गयी थी।

### पीएम मोदी ने

विशेषकर औरंगाबाद के नागरिक वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि इससे उत्तर प्रदेश और कोलकाता की यात्रा का समय कुछ घंटों तक कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाएं पटना, नालंदा, जहानाबाद, गया, वैशाली, समस्तीपुर और दरभंगा जैसे शहरों की तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने कहा कि बोधगया, विष्णुपद, राजगीर, नालंदाए वैशाली और पावापुरी में पर्यटक स्थल हैं। वहीं दरभंगा हवाई अड्डे और बिहटा हवाई अड्डों को भी इस सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एकता मॉल का जिक्र करते हुए कहा कि यह राज्य के लिए एक नयी दिशा और सकारात्मक सोच का प्रतीक है।

### गड़बड़ी या

करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आयोग की तरफ से प्रयास किया जा रहा है। आयोग ने बताया कि इस बार प्रकाशित हुए इलेक्टोरल रोल में उत्तर प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। वहीं 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। आयोग ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल ने आयोग की टीम के साथ कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त 3 मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस दौरान संस्कृति विभाग ने कठपुतली डांस, मयूर नृत्य, राजस्थान का ढोल नृत्य का आयोजन कर आयोग की टीम का स्वागत किया और चुनाव पर्व को उत्सव के रूप में मानने का सन्देश दिया।

### भारत ने जब्त

प्रसार को रोकना है। भारत इसका सक्रिय भागीदार है। सीएनसी मशीन का उपयोग उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम में किया था। अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत जांच में शिपिंग विवरण में कई विसंगतियां दिखाई दीं, जो वास्तविक प्राप्तकर्ताओं के नाम छिपाने का संकेत देती हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी चीन से पाकिस्तान ले जाई जा रही दोहरे उपयोग वाली सैन्य वस्तुएं जब्त हो चुकी हैं, जिसके चलते अवैध खरीद गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों ने कहा कि जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या इन वस्तुओं को प्राप्त करने वाली संदिग्ध पाकिस्तानी संस्थाएं पाकिस्तान के रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए जिम्मेदार रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठन (डीईएसटीओ) से जुड़ी हैं।

संक्षेप

## मिजोरम संतोष ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में

**ईटानगर ।** मिजोरम ने रेलवे के खिलाफ 4-0 की बड़ी जीत के साथ ही शनिवार को यहां संतोष ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। ग्रुप ए से नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली चार टीमों की पुष्टि शुक्रवार को ही हो चुकी थी। शनिवार को ग्रुप बी के आखिरी दौर के मैचों से पहले ही मणिपुर, दिल्ली और रेलवे की टीमें अंतिम आठ में जगह बना चुकी थी। मिजोरम बड़ी जीत के साथ इस मौके को भुनाने में सफल रहा। मिजोरम से शिकस्त झेलने वाली रेलवे की टीम चार मार्च को पहले क्वार्टरफाइनल में सेना का सामना करेगी। इसी दिन गोवा और दिल्ली के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल होगा। पांच मार्च को मणिपुर का मुकाबला असम से होगा, जबकि मिजोरम का सामना केरल से होगा।

## ओडिशा एफसी ने सेतु एफसी को 4-0 से रौंदा

**वास्को (गोवा)।** ओडिशा एफसी ने शनिवार को यहां आईडब्ल्यूएल (इंडियन महिला लीग) में सेतु एफसी को 4-0 से हराकर तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। म्यांमार की स्ट्राइकर विन थेंगी तुन (चौथे मिनट) और भारतीय खिलाड़ी इंदुमथी कथिरेसन (23वां मिनट) ने गोल कर टीम को पहले हाफ में 2-0 की बढ़त दिला दी। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी प्यारी खाखा ने दूसरे हाफ में दो गोल (60वें और 78वें मिनट) कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। ओडिशा एफसी की नौ मैचों में यह सातवीं जीत है। टीम 22 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। गोकुलम केरल 20 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सेतु एफसी 10 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

## एमबापे की जगह फिर उतरा स्थानापन्न खिलाड़ी

**पेरिस ।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन इसके बावजूद मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बाहर बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में मैदान पर उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही।

## भारत का पहला फैशन फेस्टिवल पुणे में शुरू

नई दिल्ली। फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरूआत पुणे से हुई है, और समापन मार्च, 2024 में भुवनेश्वर में हो रहा है। इस ब्रांड ने कुछ सबसे लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है, जो अभी तक चुनिंदा मेट्रो तक ही सीमित हैं। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है। इस फेस्टिवल ने अपने पहले संस्करण में विभिन्न शैलियों में सबसे आकर्षक ब्रांड्स के साथ शानदार गठबंधन कए हैं।

## नेटफ्लिक्स के लिए एक यादगार 2023: मोनिका

**नई दिल्ली।** 2023 नेटफ्लिक्स के लिए एक यादगार साल रहा। हमारे क्रिएटर्स और टैलेंट को काफी पहचान मिली।इसलिए वर्ष 2024 में, हम अपने स्तर को और ऊपर उठाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। मोनिका शेरगिल, वाइस प्रेसिडेंट-कॉन्टेंट, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा, ह्र2023 हमारे लिए सबसे ज्यादा सफल रहा। हमें खुशी है कि हमारे मेंबर्स और आलोचकों को भारत एवं विश्व से लाई गई विभिन्न शैलियों और भावनाओं में बुनी कहानियां बहुत पसंद आई हैं। 2024 में हम मनोरंजन को एक नए आयाम पे ले जा रहे हैं। भारतीय मनोरंजन उद्योग के दिग्गज और नई प्रतिभाएं अपनी खास फि ल्में, सीरीज और डॉक्युमेंट्री नेटफ्लिक्स पर ला रहे हैं, और हम इन कहानियों को आपको पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।हमारी फिल्मों और सीरीज को लोगों ने बहुत पसंद किया।

# आवेश की आक्रामकता से विदर्भ पस्त

### रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मैच के पहले दिन विदर्भ की पहली पारी महज 170 रन पर ढेर, आवेश ने लिए चार विकेट


विकेट लेने के बाद मध्य प्रदेश के गेंदबाज आवेश खान

**नागपुर ।** आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने शनिवार को यहां रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मैच के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में महज 170 रन पर समेट दिया। मध्य प्रदेश (मप्र) के लिए आवेश ने 49 रन देकर चार विकेट झटके जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने 38 रन देकर और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर दो दो विकेट चटकाकर उनका बखूबी साथ निभाया। मध्य प्रदेश ने स्टंप तक पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 47 रन बना लिये थे जिससे वह अभी 123 रन से पीछे है। वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिये हुए थी कि मध्य प्रदेश ने दिन में कुल 56.4 ओवर में से स्पिनरों से केवल 2.4 ओवर ही डलवाये। बायें हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट झटका। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिककर खेल सके जिन्होंने 105 गेंद में नौ चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। भारतीय तेज गेंदबाज आवेश ने सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़कर मध्य प्रदेश को अच्छी शुरूआत करायी। फिर विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवा दिये और टीम के लिए सबसे बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, आठ चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण अब क्रीज पर उतरे। लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने फिर जल्द ही पांच रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर पांच विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की कम से कम 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण पुल शॉट खेलने के प्रयास में खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गये। फिर विदर्भ के गेंदबाज भी मध्य प्रदेश के गेंदबाजों जैसी सही लाइन लेंथ नहीं पकड़ पाये जिससे मेहमान टीम ने एकमात्र विकेट यश दूबे (11 रन) के रूप में गंवाया। दिन का खेल खत्म होने तक हिमांशु मंत्री 26 रन और हर्ष गवली 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

## देशपांडे व शारदुल की घातक गेंदबाजी तमिलनाडु की पारी 146 रन पर सिमटी

**मुंबई ।** तुषार देशपांडे (24 रन पर तीन विकेट) और शारदुल ठाकुर (48 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी पहली पारी में महज 146 रन पर आउट हो गयी। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने दो विकेट पर 45 रन बना लिये। मुंबई की टीम पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। कुलदीन सेन ने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव (पांच) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बी साई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि यहां के बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक चार और 42 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। अनुभवी विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी कर टीम कुछ हद तक राहत दिलायी। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बी साई सुदर्शन को पगबाधा किया। इसके बाद अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (चार) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। पहले बदलाव के बाद गेंदबाजी के लिए आये देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन तक ही पहुंचा था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया।

## आईपीएल 2024 : चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शिविर शुरू



**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को यहां तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने को बताया, स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले शुक्रवार को शहर में खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बीच से हट गये थे और फिर दक्षिण अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को पूरी तरह से फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। प्रशंसकों के पसंदीदा और टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

## अंकिता एकल में हारीं युगल में बनीं चैम्पियन




**गुरुग्राम ।** भारत की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना आईटीएफ महिला ओपन की एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां गैर वरीय येओनवू कू से सीधे सेटों में हार गयी लेकिन कजाखिस्तान की जोड़ीदार झिबेक कुलम्बायेवम के साथ युगल खिताब जीतने में सफल रही। अंकिता को एकल वर्ग के अंतिम चार मुकाबले में कोरिया की खिलाड़ी ने 7-6, 6-3 से हराया। स्लोवेनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त डेलिला जाकुपोविच को भी एक अन्य सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह लिथुआनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जस्टीना मिकुलस्कयाते से 4-6, 6-2, 6-7 से हर गयी। अंकिता ने कुलम्बायेवम के साथ मिलकर स्वीडन की जैकलीन कैबज अवाद और मिकुलस्कयाते की चुनौती को 6-4, 6-2 से खत्म किया।

## न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य, फिलिप्स का पंजा



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** कामचलाऊऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी उम्मीद जगा दी। पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल करने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लचर प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बनाए हैं और इस तरह से वह लक्ष्य से 258 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 13 रन से आगे बढ़ाई लेकिन चार घंटे से भी कम समय में उसने अपने बाकी बचे विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), पहली पारी में शतक बनाने वाले कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (00) और एलेक्स कैरी (03) के विकेट हासिल किये। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (नाबाद 56) और डेरिल मिशेल (नाबाद 12) पर टिका है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## यूएस ओपन कप में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो । अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के महत्वपूर्ण फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल आठ टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं।

## मैक्सिको ओपन : एलेक्स व कैस्पर रूड में होगा फाइनल

अकापुल्को (मैक्सिको)। गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने के कारण मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

# विशेष कारोबारी सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर

- 236.77 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 73,982.12 अंक पर पहुंचा
- 81.5 अंक चढ़कर नये शिखर 22,420.25 अंक पर निफ्टी



**मुंबई ।** स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये। जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन कर रहे हैं। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान लेनदेन को प्राथमिक साइट (पीआर) से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्थानांतरित करके उसकी कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा। डीआर से आशय संकट या आपदा के समय संस्थान की आईटी प्रणाली और आंकड़ों को तेजी से बचाने, नुकसान को सीमित करने और सामान्य कारोबार पर लौटाने की योजना से है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 236.77 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 73,982.12 अंक पर पहुंच गया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 81.5 अंक चढ़कर नये शिखर 22,420.25 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजारों के अनुसार दो सत्र आयोजित होंगे। पहला सत्र प्राथमिक साइट पर सुबह 9:15 बजे से 10 बजे तक और दूसरा सत्र डिजास्टर रिकवरी पर सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। बीएसई और एनएसई ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा, ...शेयर बाजार बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार दो मार्च को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन कर रहे हैं। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान लेनदेन को प्राथमिक साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्थानांतरित करके उसकी कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा। सेंसेक्स शेयरों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख लाभ में रहे। दूसरी तरफ, गिरावट वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी शामिल हैं।

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उम्मीद से कहीं अधिक 8.4 प्रतिशत रही। यह किसी तिमाही में डेढ़ साल में तीव्र वृद्धि दर है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 128.94 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को l,245.05 और निफ्टी 355.95 अंक मजबूत होकर नई उंचाई पर बंद हुए थे।

## व्यवसायी रतुल पुरी को मिली राहत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवसायी रतुल पुरी को इरादतन चूककर्ता यानी जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाला घोषित करने के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के फैसले को रद्द कर दिया है। बीओबी ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए पुरी को इरादतन चूककर्ता घोषित किया था। अदालत ने कहा कि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट मोजर बेयर इंडिया लिमिटेड (एमबीआईएल) की सहायक कंपनियों में किए गए निवेश के स्रोत को सत्यापित नहीं करती है। पुरी पहले एमबीआईएल के साथ जुड़े थे। अदालत ने कहा कि बैंक धन के स्रोत की पुष्टि किए बिना याचिकाकर्ता को इरादतन चूककर्ता घोषित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी नहीं कर सकता था।

## खाते बंद होने से बायजू वेतन देने में असमर्थ



**नयी दिल्ली ।** बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने शनिवार को कहा कि शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ निवेशकों के साथ कानूनी विवाद के चलते राइट निर्गम की राशि अलग खाते में बंद होने के कारण यह स्थिति आई है। रवींद्रन ने कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा कि एक महीने पहले जारी किया गया राइट निर्गम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

उन्होंने कहा कि इसे एक सुखद घटनाक्रम माना जा रहा था। आखिरकार, अब हमारे पास अपनी अल्पकालिक जरूरतों को पूरा करने और देनदारियों को चुकाने के लिए धन था। हालांकि, मुझे आपको यह बताते हुए खेद है कि हम अभी भी आपका वेतन भुगतान करने में असमर्थ है। इस पत्र को देखा है। इसमें रवींद्रन ने कहा कि कंपनी अभी भी यह कोशिश कर रही है कि वेतन भुगतान 10 मार्च तक कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम भुगतान उसी समय कर सकेंगे, जब हमें कानून के मुताबिक ऐसा करने की अनुमति मिलेगी। रवींद्रन ने आगे कहा कि पिछले महीने कंपनी को पूंजी की कमी के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, और अब हम धन होने के बावजूद देरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, कुछ चुनिंदा लोग (हमारे 150 से अधिक निवेशकों में चार) निर्मम रूप से गिर गए हैं, जिनकी वजह से हम आपकी मेहनत की कमाई का भुगतान करने के लिए जुटाए गए धन का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राइट निर्गम के माध्यम से जुटाई गई राशि इस समय एक अलग खाते में बंद है।

## जयपुर में बीएनआई बिज एक्सपो 15 से

**जयपुर ।** उद्योग और कारोबार से जुड़ा बीएनआई बिज एक्सपो जयपुर में 15 मार्च से शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार इस तीन दिवसीय आयोजन में 1200 से अधिक उद्यमियों के शामिल होने की संभावना है। बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) के कार्यकारी निदेशक अक्षय गोयल ने बताया कि एक्सपो यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 15 से 17 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। एक्सपो में 150 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां उद्यमी अपने कारोबार व सेवाओं से जुड़ी जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक बड़े कॉरपोरेट घराने, सरकारी संगठन और उद्योग निकाय इसमें भाग लेंगे।

## हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज मध्य प्रदेश में 350 करोड़ रुपये का निवेश करेगी




**नयी दिल्ली।** भारत में कोका-कोला की शाखा हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी) मध्य प्रदेश में 350 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि वह अपने राजगढ़ संयंत्र में दो विनिर्माण शाखाओं की स्थापना करेगी।

एक बयान के अनुसार उज्जैन में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन के दौरान की गई इस घोषणा से राज्य में एचसीसीबी का कुल निवेश 660 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। बयान में कहा गया है कि ताजा निवेश से राजगढ़ में एचसीसीबी की फैक्टरी में दो नयी अत्याधुनिक विनिर्माण शाखाएं शुरू की जाएंगी। कंपनी ने कहा कि इससे न केवल एचसीसीबी की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## एआई की तैनाती से पहले लेनी होगी उपयोगकर्ताओं को मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने सोशल मीडिया और अन्य मंचों के लिए एक परामर्श जारी कर परीक्षण से गुजर रहे एआई को तैनात करने से पहले उपयोगकर्ताओं की मंजूरी लेने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में सवालों पर गूगल के एआई मंच के जवाब से विवाद पैदा होने के कुछ दिनों बाद यह परामर्श जारी किया गया। परामर्श में परीक्षण से गुजर रहे एआई पर इस बात की सूचना देने और गैरकानूनी होस्टिंग को रोकने की बात भी कही गई। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक मार्च को जारी इस परामर्श में अनुपालन नहीं करने पर आपराधिक कार्वाई की चेतावनी दी। इसमें कहा गया कि सभी मंचों, मध्यस्थों और सक्षम सॉफ्टवेयर को किसी भी उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल जैमिनी की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इस पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है।

## भारत में खत्म हुई अत्यधिक गरीबी : ब्रुकिंग्स लेख



**नयी दिल्ली ।** एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया। दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई। लेखकों ने कहा कि इन अनुमानों में सरकार द्वारा लगभग दो-तिहाई आबादी को दिए जाने वाले मुफ्त भोजन (गेहूं और चावल) और सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा शिक्षा को ध्यान में नहीं रखा गया है। लेख में कहा गया है कि एचसीआर में गिरावट उल्लेखनीय है, क्योंकि अतीत में भारत को गरीबी के स्तर में इतनी कमी लाने के लिए 30 साल लगे थे, जबकि इस बार इसे 11 साल में हासिल किया गया है।

## 6 को खुलेगा गोपाल स्नैक्स का आईपीओ

**अहमदाबाद।** गोपाल स्नैक्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) छह मार्च को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि गुजरात के राजकोट स्थित गोपाल स्नैक्स लिमिटेड कंपनी ने अपने पहले सार्वजनिक प्रस्ताव के लिए एक रुपये अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य बैंड 381 से 401 रुपये तय किया है। कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए छह मार्च बुधवार को खुलेगा और 11 मार्च सोमवार को बंद होगा।

# विकसित बंगाल की ओर एक और कदम

## प्रधानमंत्री मोदी ने 15,000 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी

कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा, आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं।

मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं। उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी और रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत के पूर्वी द्वार के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा, इस द्वार में पूर्वी क्षेत्र में विकास का प्रवेश बिंदु बनने की क्षमता है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार क्षेत्र में सड़क मार्ग, रेलवे, जलमार्ग और वायुमार्ग के माध्यम से संपर्क संबंधी बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री ने पुरुलिया जिले में स्थित दामोदर घाटी निगम के रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के द्वितीय चरण (2660 मेगावाट) की आधारशिला रखी। उन्होंने मेजिया थर्मल पावर स्टेशन में 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणाली का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, बिजली एक ऐसा महत्वपूर्ण कारक है जो अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र के विकास को गति देता है। हम पश्चिम बंगाल को उसकी वर्तमान और भविष्य की ऊर्जा संबंधी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा, रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के दूसरे चरण की नींव इसी दिशा में एक कदम है। इस पहल से राज्य में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा।



मोदी ने 1,986 करोड़ रुपये की लागत से बने राष्ट्रीय राजमार्ग-12 के 100 किलोमीटर लंबे फरक्का-रायगंज खंड के चार लेन मार्ग का भी उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री ने राज्य में 940 करोड़ रुपये से अधिक की चार रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें दामोदर-मोहिशिला लाइन का दोहरीकरण, रामपुरहाट और मुरारई के बीच तीसरी लाइन, बाजारसौ-अजीमगंज रेल लाइन का दोहरीकरण और अजीमगंज एवं मुर्शिदाबाद को जोड़ने वाली एक नयी लाइन शामिल है।

# हिमाचल प्रदेश में हिमपात, बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 441 सड़कें बंद



शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में हिमपात से लाहौल एवं स्पीति तथा किन्नौर जिलों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ है, जबकि राज्य में पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 441 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। राज्य के मध्य और निचले पहाड़ी इलाकों में रुक-रुककर बारिश हुई, जबकि शिमला में मौसम कार्यालय ने शनिवार को 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ-साथ आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ तूफान संबंधी रेड अलर्ट जारी किया गया है। मनाली-सोलंग नाला मार्ग पर नेहरू कुंड के पास सड़क किनारे खड़े पांच वाहन हिमस्खलन में दब गए। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण एक घर क्षतिग्रस्त हो गया। चंबा, किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, लाहौल एवं स्पीति में सबसे ज्यादा 290, चंबा में 58, किन्नौर में 56, कुल्लू में 17, मंडी में 10, शिमला में नौ और कांगड़ा में एक सड़क यातायात के लिए बंद है। शिमला जिले का दूरस्थ डोडरा क्वार उपमंडल राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है और पत्थरों के गिरने के कारण शिमला-किन्नौर मार्ग नेगुलसारी के पास अवरुद्ध हो गया है।

### संक्षेप

## गाजा में भीषण गोलीबारी 115 फलस्तीनी मारे गये

रफह (गाजा पट्टी)। गाजा सिटी अस्पताल के प्रमुख ने बताया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उन पर भीषण गोलीबारी की गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में कम से कम 115 फलस्तीनी मारे गए और 750 से अधिक अन्य घायल हो गए। ये लोग युद्धग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। अल-अवदा अस्पताल के कार्यवाहक निदेशक डॉ. मोहम्मद सलहा ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अस्पताल में लाए गए 176 घायलों में से 142 को गोलियां लगी थीं और 34 लोग भगदड़ में कुचले जाने से घायल हुए थे। कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक डॉ. हुसाम अबू सफ़िया ने बताया कि अस्पताल लाए गए अधिकतर लोगों के शरीर के ऊपरी हिस्से में गोली लगी थी और बहुत से लोगों की मौत सिर, गर्दन और छाती पर गोली लगने से हुई। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसकी एक टीम ने गाजा शहर के शिफा अस्पताल का दौरा किया और देखा कि 200 से अधिक लोगों का इलाज चल रहा है जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों के शरीर पर गोली लगने से हुए घाव हैं।

# विशेषज्ञों ने कहा, स्वास्थ्य का मुद्दा गायब है चुनावी चर्चा से

एजेंसी

नयी दिल्ली। विशेषज्ञों को लगता है कि हर साल करोड़ों भारतीय चिकित्सा संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन देश के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार होने के बीच स्वास्थ्य का मुद्दा चुनावी चर्चा से स्पष्ट रूप से गायब है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि न केवल अधिकांश पार्टियां अपने चुनावी एजेंडे में स्वास्थ्य से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देने में रुचि नहीं ले रही हैं, बल्कि आम मतदाता भी स्वास्थ्य देखभाल अधिकारों से अनजान हैं। इसके परिणाम स्वरूप चुनाव दर चुनाव के बावजूद चिकित्सा अवसंरचना और सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी रिक्तता दिखती है। जन स्वास्थ्य अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. अभय शुक्ला ने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पारंपरिक रूप से विभिन्न कारकों के कारण भारत में एक प्रमुख चुनावी एजेंडा नहीं रहे हैं। समाज का सबसे मुखर वर्ग शिक्षित मध्यम वर्ग अक्सर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं उठाता और इसके बजाय निजी क्षेत्र को प्राथमिकता देता है।

# झारखंड में स्पेन की महिला से दुष्कर्म

एजेंसी



दुमका। झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह घटना राज्य की राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मामले की जांच की जा रही है और फॉरेंसिक दलों ने घटनास्थल का दौरा किया है। इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए एक तलाश अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा, एक एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया गया है और सभी आवश्यक कानूनी कार्वाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्त दल को सड़क किनारे दो लोग मिले।

# एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का होगा निर्माण

एजेंसी



नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है।

वैष्णव ने कहा साथ एक एक विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किये जाने की उम्मीद है। नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल - चिनाब पुल - और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। वैष्णव ने कहा, रेलवे का एक बड़ा सामाजिक दायित्व है। हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से हर दिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपये है, तो हम 45 रुपये लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं। मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत डिजाइन किया है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिये केवल 454 रुपये के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है। वैष्णव ने कहा, वंदे भारत युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। व्यावहारिक रूप से, हर हफ्ते एक वंदे भारत को सेवा में शामिल किया जा रहा है। हम आने वाले कुछ वर्षों में कम से कम 400 से 500 ऐसी ट्रेन का निर्माण करेंगे।

वही दूसरी ओर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि कोलकाता में नदी के नीचे बनी देश की पहली मेट्रो सुरंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह मार्च को करेंगे। वैष्णव ने कहा कि कोलकाता मेट्रो का काम 1970 के दशक में शुरू हुआ था, लेकिन मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति उससे पहले के 40 वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। रेल मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री का ध्यान बुनियादी ढांचा बढ़ाने और देश के लिए नींव तैयार करने पर है, जो 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा। कोलकाता मेट्रो का काम कई चरणों में आगे बढ़ा है। मौजूदा चरण में शहर के पूर्व-पश्चिम मेट्रो गलियारे के लिए।

# ऋषि सुनक ने की ब्रिटिश लोकतंत्र से रक्षा की अपील

एजेंसी



लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील करते हुए आगाह किया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और उसकी बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने पर तुली हैं। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए ब्रिटिश भारतीय नेता ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन के स्थायी मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों को स्वीकार करने के हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि चरमपंथी ताकतें शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर काबिज न हो जाएं। सुनक ने प्रधानमंत्री कार्यालय सह आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर एक भाषण में कहा, जो प्रवासी यहां आए हैं, उन्होंने एकजुट होकर योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने अपनी पहचान छोड़े बिना ऐसा किया है। उन्होंने कहा, आप हिंदू और गौरवान्वित ब्रितानी नागरिक हो सकते हैं जैसे कि मैं हूं या आप धर्मनिष्ठ मुस्लिम और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं जैसे कि कई लोग हैं या एक समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे डर है कि दुनिया के सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-धार्मिक वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारी महान उपलब्धि को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है।

# ग्रैमी पुरस्कार विजेता ईरानी गायक को तीन साल की सजा

एजेंसी

दुबई। ईरान में म्हसा अमीनी की मौत को लेकर 2022 में हुए प्रदर्शनों के समर्थन में अपने गीत को लेकर ग्रैमी पुरस्कार विजेता एक गायक को तीन साल से अधिक की जेल की सजा सुनायी गयी है।

शर्विन हाजीपुर को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने उनके गीत फॉर के लिए ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया था। उन्होंने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपनी सजा की जानकारी दी। उसी दिन ईरान में संसदीय चुनाव हुए थे। अदालत ने हाजीपुर को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार और लोगों को प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के आरोपों पर तीन साल और आठ महीने की सजा सुनायी है।

अदालत ने पाया कि गायक ने गीत प्रसारित करने को लेकर उचित तरीके से खेद नहीं जताया इसलिए उन्हें सजा सुनायी गयी है। उसने हाजीपुर पर दो साल का यात्रा प्रतिबंध भी लगाया और उन्हें अमेरिका में अपराधों के बारे में एक गीत बनाने तथा उन अपराधों के बारे में ऑनलाइन पोस्ट करने का भी आदेश दिया।

### इंटरटेनमेंट...

# 'ऐ वतन मेरे वतन' अपकमिंग फिल्म



मुंबई। प्राइम वीडियो ने बेहद टैलेंटेड फिल्म मेकर करण जौहर के साथ, आज उनकी आने वाली अमेजन ऑर्जिनल की मच अवेटेड ऐ वतन मेरे वतन का बेहद दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। ऐसे में अब इस ट्रेलर के लिए दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। भारत के कुछ अनजाने हीरो और उनकी अनजानी कहानियों को समर्पित, करण जौहर दर्शकों के सामने उषा को कहानी पेश की है, एक सिर्फ 22 साल की बहादुर लड़की, जिसने 1942 के क्विट इंडिया मूवमेंट के दौरान देश के लिए अनोखी बहादुरी और गहरी देश भक्ति का प्रदर्शन किया, एक गुप्त रेडियो का इस्तेमाल करके देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एक करने की कोशिश की थी। अब उनकी प्रेरणा दायक कहानी ने फिल्म मेकर को राजी से सहमत सैयद की याद दिलाई है, जो एक पाकिस्तानी फौज के परिवार में शादी किया था।

# कॉमन मैन की व्यथा 'कागज-2'



मुंबई। दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक की फिल्म 'कागज 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इसके डायरेक्टर वीके प्रकाश हैं। अनुपम खेर, सतीश कौशिक, नीना गुप्ता, स्मृति कालरा और दर्शन कुमार जैसे एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म ऐसे मुद्दे पर है, जिसकी वजह से आम लोगों को काफी तकलीफें झेलनी पड़ती हैं। कई बातें सिर्फ कागजों पर ही रह जाती हैं, जिसपर कोई एक्शन नहीं होता। आज हम इस फिल्म का रिव्यू करेंगे।

'कागज 2' की कहानी सीतापुर के एक कॉमन मैन और उसकी यूपीएससी टॉपर बेटी के बारे में हैं। इस फिल्म में सतीश कौशिक एक कॉमन मैन, रस्तोगी (किरदार का नाम) का रोल निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी में मोड़ तब आता है जब उनकी यूपीएससी टॉपर बेटी टेबल से फिसलकर गिर जाती है। उसके सिर में चोट लग जाती है। उसके पिता उसे हॉस्पिटल लेकर जाते हैं। हालांकि, उसी वक्त शहर में पॉलिटिशियन केपी देवरंजन (अनंग देसाई) की रैली निकली होती है।

उस रैली की वजह से सतीश कौशिक अपनी बेटी के साथ, शहर के मेन चौक पर फंस जाते हैं। उनकी गाड़ी न तो आगे जा सकती है और न ही पीछे।

# जस्टिन बीबर के नाम 39 वर्ल्ड रिकॉर्ड



मुंबई। इंटरनेशनल पॉप आइकन जस्टिन बीबर आज 30 साल के हो चुके हैं। भारत में अंग्रेजी गानों का चलन ही जस्टिन बीबर के बेबी गाने से शुरू हुआ था। महज 20 साल की उम्र में ग्रैमी जीतने वाले जस्टिन बीबर 39 वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। हालांकि उनका बचपन और निजी जिंदगी बेहद दर्दनाक रही। उनकी मां एक ड्रग डीलर थीं, जो डिप्रेशन के चलते आत्महत्या करने के लिए ट्रक के आगे कूद गई थीं। जान तो बचा ली गई, लेकिन उन्हें पागलखाने में रखा गया था। यहां से निकलकर उन्होंने महज 18 साल की उम्र में जस्टिन को जन्म दिया था।

# जामनगर में सेलेब्स ने लिया जंगल सफारी का आनन्द



अहेमदाबाद। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन का आज दूसरा दिन है। आज दो इवेंट्स हैं। पहले की थीम 'अ वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, जिसमें मेहमानों को जंगल सफारी पर ले जाया जाएगा। शाम को दूसरा इवेंट होगा। इसकी थीम 'मेला रुज' है। शाम को इस कार्निवल में गेस्ट्स के लिए डांस और सॉन्ग परफॉर्मेंस होंगे। प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के पहले दिन यानी शुक्रवार रात को हुए प्रोग्राम में अंबानी परिवार के मेंबर्स ने स्पीच दीं। अनंत ने अपनी स्पीच में अपनी बीमारी पर बात की। उनकी बात सुनकर पिता मुकेश अंबानी भावुक हो गए और उनके आंसू आ गए। सेरेमनी के दौरान अंबानी परिवार ने फैमिली फोटो शूट करवाया। इसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। जामनगर में प्री वेडिंग सेलिब्रेशन के पहले दिन बेटे अनंत को दुलारते हुए मुकेश अंबानी। शुक्रवार शाम को हुए इवेंट में मुकेश और नीता अंबानी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com